जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 106 प्रभात उदयपुर, सोमवार 17 फरवरी, 2025 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे में मृतकों की संख्या 18 हुई

### रेलवे के अनुसार, ओवर ब्रिज की सीढ़ियों पर कुछ यात्रियों के फिसलने से हादसा हुआ

■ रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रूपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रूपये तथा मामूली रूप से घायलों को 1 लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

नयी दिल्ली, 16 फरवरी। राष्ट्रीय राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 18 हो गई है, जबकि अन्य 12 लोग घायल हुए हैं। एक अस्पताल के अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी रविवार दी। एलएनजेपी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मृतकों में पांच बच्चे और 11 महिलाएं शामिल हैं।

रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों को 2.5-2.5 लाख रुपये तथा मामूली रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि शनिवार रात मची भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। स्थिति अब सामान्य है। उपाध्याय ने कहा, घटना के समय पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 14 पर खड़ी थी और जम्मू जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 15 पर खड़ी थी। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब फुट ओवरब्रिज से प्लेटफॉर्म की ओर जाने वाली सीढ़ि यों पर कुछ यात्री फिसल गए और उनके पीछे चल रहे यात्री भगदड़ में फंस गए। प्रयागराज में महाकुंभ के लिए विशेष ट्रेनों में सवार होने के लिए स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के कारण यह स्थिति पैदा हुई।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर इस घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द स्वस्थ हों। अधिकारी इस भगदड़ से प्रभावित सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं।

## लालू यादव ने कुंभ को फालतू बताया

पटना, 16 फरवरी। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने रविवार को महाकुंभ को लेकर एक विवादित बयान दिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित भव्य महाकुंभ को लेकर कहा कि कुंभ का कोई मतलब नहीं, यह सब बेकार है। लालू यादव के इस बयान पर बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

महाकुंभ को लेकर बढ़ती भीड़ के बारे में पूछे जाने पर आरजेडी प्रमुख ने कहा, "अरे ये सब कुंभ का क्या कोई मतलब है, फालतू है कुंभा।"

■ लालू के विवादास्पद बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

साथ ही, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में हुई लोगों की मौत के लिए उन्होंने रेलवे को जिम्मेदार ठहराया। लालू यादव ने इस घटना को लेकर केंद्र की एनडीए सरकार पर निशाना साधा और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इस्तीफे की मांग की। पटना में रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए लालू यादव ने कहा, "बहुत दुखद घटना घटी है। हम सब लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह रेलवे की गलती है। रेलवे के कुप्रबंधन और लापरवाही की वजह से इतने लोगों की मौत हुई है। इस घटना के बाद केंद्रीय रेल मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।"

लालू प्रसाद के महाकुंभ को लेकर दिए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अदालत में पहुँचता लग रहा है, गौरव गोगोई की पत्नी का प्रकरण

### आईएसआई से जुड़े होने के, बिस्वा के आरोप पर गौरव गोगोई ने कानूनी कार्यवाही करने की घोषणा की

■ मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है और गौरव गोगोई किसी साजिश का शिकार हो सकते हैं। मुझे लगता है, गोगोई को किसी ने फंसा दिया है।

गुवाहाटी, 16 फरवरी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के बीच राजनीतिक टकराव तेज हो गया है। सीएम सरमा ने गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े होने का आरोप लगाया है।

इस पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा अपनी नाकामी छिपाने के लिए झूठे आरोप लगा रही है। गौरव गोगोई ने भाजपा के आरोपों को निराधार, झूठा और अपमानजनक बताया। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार अपनी असफलताओं को छुपाने के लिए इस तरह के झूठे आरोप लगा रही है।

गौरव गोगोई ने साफ किया कि वे भाजपा के इन आरोपों के खिलाफ कानूनी कदम उठाएंगे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी इसे घिनौनी चरित्र हत्या करार देते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू करने की बात कही है।

मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है और गौरव गोगोई किसी साजिश का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि गौरव गोगोई को किसी ने फंसा दिया है। यह मामला अब सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें अंतरराष्ट्रीय साजिश के संकेत मिल रहे हैं।

सरमा ने यह भी कहा कि वे इस मुद्दे को प्रधानमंत्री और गृह मंत्री तक पहुंचाएंगे और कांग्रेस नेतृत्व को भी दस्तावेज भेजेंगे। उन्होंने गौरव गोगोई को चुनौती दी कि वे इस मामले को अदालत तक ले जाएं, ताकि सच्चाई सामने आ सके। बताया जा रहा है कि इस मामले में भाजपा एसआईटी जांच की योजना बना रही है। पार्टी ने इस मामले में पुलिस जांच और एसआईटी के गठन की बात कही है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि वे जल्द ही इस मामले पर कैबिनेट बैठक करेंगे।

गौरव गोगोई की तरफ से अपनी पत्नी और उनके खिलाफ आरोपों के मद्देनजर उचित कार्रवाई करने के बारे में पूछे गए सवाल पर हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हर कोई उचित कार्रवाई कर सकता है।

## अमरीकी विमान से उतरे सिख युवकों के सिर पर पगड़ी नहीं थी

अमृतसर, 16 फरवरी। अमेरिका से 116 अवैध प्रवासी भारतीयों के दूसरे समूह को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 शनिवार रात्रि 11:33 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा। इसमें पंजाब के 65, हरियाणा के 33, गुजरात के आठ, यूपी, महाराष्ट्र व राजस्थान के दो-दो, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर व गोवा का एक-एक व्यक्ति है। करीब 5

■ भगवंत मान सरकार के दो मंत्रियों ने एयरपोर्ट पर अमेरिका से डिपोर्ट किए गए पंजाब के युवकों को रिसीव किया।

घंटे की वैरिफिकेशन के बाद पुलिस की गाड़ियों में सभी को घर छोड़ा गया। इस दौरान किसी को भी मीडिया से बातचीत नहीं करने दी गई। अब तक 220 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजा जा चुका है। तीसरा बैच (16 फरवरी) रात 10 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। अमेरिकी एयरफोर्स के विमान में 112 लोगों आए हैं। इनमें हरियाणा के 44 और पंजाब के 33 लोग शामिल हैं।

लौटाए गए भारतीयों को पिछली बार की तरह इस बार भी हथकड़ियां व बेड़ियां बांधकर लाया गया, जो उन्हें विमान से उतारने के पहले हटा ली गईं। उड़ान में महिलाओं व बच्चों को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर के पास 50 लाख रूपए कैश व 16 प्लॉट मिले

### एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक्सईएन दीपक मित्तल के, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, ब्यावर, फरीदाबाद में ठिकानों पर छापे मारे

■ महानिदेशक रवि प्रकाश ने बताया कि 18 बैंक खातों में करीब 40 लाख रूपये, म्यूचुअल फंड में 50 लाख का निवेश, आधा किलो सोने के आभूषण, डेढ़ किलो चाँदी के आभूषण तथा तीन बैंक लॉकर मिले हैं। बैंक लॉकरों की तलाशी अभी बाकी है।

जयपुर, 16 फरवरी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जोधपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के छह ठिकानों पर छापे मारे हैं। अब तक की सर्च में इंजीनियर के पास उसकी आय से दो सौ प्रतिशत ज्यादा की प्रॉपर्टी मिली है।

एसीबी पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत खण्ड (द्वितीय) अधिशाषी अभियन्ता जोधपुर, दीपक मित्तल के जयपुर, उदयपुर, अजमेर, ब्यावर, जोधपुर और हरियाणा के फरीदाबाद के ठिकानों पर कार्रवाई की गई है। एसीबी को इंजीनियर के खिलाफ आय से ज्यादा संपत्ति को लेकर शिकायत मिली थी।

एसीबी ने कोर्ट से सर्च वारंट लेकर शनिवार देर रात सर्च कार्यवाही शुरू की, जो रविवार को भी चलती रही। आरोपी अधिशाषी अभियन्ता जब से नौकरी पर लगा तब से 4 करोड़ 2 लाख 14 हजार 395 रुपए की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। कार्रवाई के लिए 12 से अधिक टीमें बनाई गई हैं। रविवार सुबह एसीबी की टीम ने अधिशाषी अभियन्ता दीपक कुमार के ऑफिस में भी सर्च का काम शुरू कर दिया है।

टीम को फरीदाबाद भेजा गया है। मित्तल के पास जो प्रॉपर्टी और कैश मिला है वो उसकी आय से करीब 203 प्रतिशत अधिक है। सर्च के दौरान एसीबी अधिकारियों को 16 प्लॉट के डॉक्यूमेंट्स भी मिले हैं। इनके निर्माण में करोड़ों रुपए भी खर्च किए गए हैं। सर्च में दर्जनों बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज चेक बुक और लॉकर की जानकारी सामने आई हैं।

सर्च टीम ने हरियाणा के फरीदाबाद में सेक्टर 21 स्थित दीपक कुमार के भाई अंकुर मित्तल के घर, उदयपुर के कलडवास में 9 संपत्तियों पर, जोधपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग विधुत खंड द्वितीय के ऑफिस में तथा जोधपुर में स्थित दीपक कुमार मित्तल के निवास स्थान पर कार्यवाही की। इसके अलावा टीम जयपुर के बरकत नगर स्थित मकान पर भी गई।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि दीपक कुमार मित्तल, अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर, ने भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा अपने एवं अपने परिजनों के नाम से अपनी वैध आय से आनुपातिक रूप से अधिक चल-अचल सम्पत्तियां अर्जित हैं।

आरोपी व इसके परिवाजनों के नाम जयपुर में 4 प्लॉट, कीमत करीब 1 करोड रुपए, उदयपुर में 9 प्लॉट, कीमत करीब 1 करोड़ 34 लाख रुपए, व्यावर व अजमेर में 3 प्लॉट, कीमत करीब 6.50 लाख रुपए मिले। संदिग्ध अधिकारी के जयपुर स्थित आवास की तलाशी में करीब 50 लाख रुपए नगदी, करीब आधा किलो सोने के आभूषण, करीब 1.5 किलो चांदी के आभूषण मिले। संदिग्ध अधिकारी व परिवारजनों के कुल 18 बैंक खातों में करीब 40 लाख रुपए मिले। अधिकारी द्वारा म्यूचुअल फंड में करीब 50 लाख रुपए का निवेश किया जाना पाया गया। अधिकारी के पास करीब 70 लाख रुपए के हिसाब की पर्ची, अनेक बीमा पॉलिसियों में निवेश, तीन बैंक लॉकर भी मिले हैं। बैंक लॉकरों की तलाशी लिया जाना शेष है।

## मणिपुरः सात कुकी उग्रवादी गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार

इंफाल, 16 फरवरी। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने कुकी नेशनल आर्मी (केएनए) के सात उग्रवादियों को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को

■ उग्रवादियों के पास कई तरह की राइफल, बड़ी संख्या में कारतूस, रेडियो सैट, बैटरी व डायनमो आदि, युद्ध जैसी सामग्री मिली।

चुराचांदपुर जिले के संगलकोट थाना क्षेत्र में ओल्ड खौकुआल में एरिया डोमिनेशन और गश्त के दौरान सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया, उनके पास से दो एके-47 राइफल, 7.62 असॉल्ट राइफल, तीन सिंगल बोर राइफल, एके-47 की दस मैगजीन, 654 7.62 मिमी लाइव राउंड, 19 सिंगल बोर लाइव कारतूस, छह सेल फोन, बाओफेंग रेडियो सेट, बैटरी के साथ डायनेमो और बड़ी संख्या में युद्ध जैसी सामग्री मिली।

## 'हिन्दू समाज एकजुट रहे, अच्छे समय में भी चुनौतियाँ आती हैं'

### आरएसएस प्रमुख भागवत ने वर्धमान में संघ कार्यकर्ताओं की विशाल सभा को संबोधित किया

■ भागवत ने कहा कि हिन्दू समाज की विविधता में एकता के कारण ही कोई भी विदेशी ताकत स्थायी रूप से यहाँ नहीं बस पायी।

बर्धमान, 16 फरवरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदू समुदाय से देश की सुरक्षा के लिए एकजुट होने तथा दुनिया को शांति और समृद्धि का मार्ग दिखाने का आव्हान किया। भागवत ने पूर्व बर्धमान जिले में एसएआई कॉम्प्लेक्स में आरएसएस कार्यकर्ताओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा, सिकंदर के समय से ही भारत पर निशाना साधा जाता रहा है, लेकिन अब तक कोई बाहरी ताकत, यहां तक कि ब्रिटिश भी हिंदू समुदाय की विविधता में एकता के कारण स्थायी रूप से यहां नहीं बस पाये हैं। उन्होंने लोगों से आरएसएस से जुड़ने और संगठन को अंदर से महसूस करने का भी आग्रह किया क्योंकि यहां किसी के लिए कोई रोक नहीं है, न ही प्रवेश के लिए कोई शुल्क है और हर कोई स्वतंत्र है कि अगर उसे लगता है कि वह इसमें फिट नहीं बैठता है तो वह खुद ही जा सकता है।

आरएसएस प्रमुख ने सभा में कहा, हां, अगर आप आरएसएस में आते हैं तो आपको भारत की बेहतरी के लिए भी योगदान देना चाहिए और बदले में किसी चीज की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इस सभा में मातृशक्ति विंग की कई महिलाओं ने हिस्सा लिया।

उन्होंने कहा कि आरएसएस दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है, क्योंकि इसकी 70,000 शाखाएं हैं। उन्होंने दुनिया की विविधता को अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हिंदू समाज का मानना है कि एकता में ही विविधता समाहित है। संघ प्रमुख ने हिंदू समाज के भीतर एकता की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि अच्छे समय में भी चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन सभी को मिलकर बाधाओं को दूर करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, महत्वपूर्ण यह है कि हम उनका सामना करने के लिए कितने तैयार हैं।

हम हिंदुओं को एकजुट करना चाहते हैं क्योंकि भारत के सच्चे उत्तराधिकारी हिंदू हैं।

## अमेरिकी हवाई बमों की बड़ी खेप इज़रायल पहुँची

तेल अवीव, 16 फरवरी। इज़रायली रक्षा मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की कि 2,000 पाउंड वजनी एमके-84 भारी हवाई बमों की खेप समुद्र के रास्ते इजरायल पहुंचा दी गयी है, जिसे हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने अधिकृत किया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इज़रायल रक्षा मंत्रालय के मिशन "टू यूनाइटेड स्टेट्स" और मंत्रालय के रक्षा खरीद निदेशालय (डीपीडी) की अंतरराष्ट्रीय परिवहन प्राधिकरण इकाई के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान में अमेरिकी सरकार द्वारा जारी की गयी भारी हवाई बमों की खेप इज़रायल में शनिवार रात उतारी गई। भारी एमके-84 गोला-बारूद ले

■ समुद्री जहाज़ में पहुँचे बमों को ट्रकों से वायु सेना के ठिकाने पर पहुँचाया गया।

जाने वाला जहाज एशदोद बंदरगाह पर डॉक किया गया और वहीं सामान उतारा गया। बयान में कहा गया कि बंदरगाह से गोला-बारूद को ट्रकों में लादा गया और इज़रायली वायु सेना के ठिकानों पर ले जाया गया। मंत्रालय ने इजरायल के रक्षा मंत्री इज़रायल कैट्ज के हवाले से कहा कि बम की यह खेप इज़रायली वायु सेना के लिए एक "महत्वपूर्ण संपत्ति" है तथा यह इज़रायल और अमेरिका के बीच मजबूत गठबंधन को और भी पुख्ता करती है।

बयान में कहा गया है कि अक्टूबर 2023 में पश्चिम एशिया में सशस्त्र संघर्ष बढ़ ने की शुरुआत के बाद से, इज़रायल को समुद्र और हवा के रास्ते 76,000 टन से अधिक हथियार, सैन्य उपकरण और विभिन्न सैन्य सामग्री प्राप्त हुई हैं।

## महाकुंभ में लगातार 33 दिन रुद्री पाठ का रिकॉर्ड

महाकुंभनगर, 16 फरवरी। महाकुंभ में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रकल्प दिव्य ज्योति वेद मंदिर के ब्रह्मज्ञान में दीक्षित वेदपाठियों ने नॉन-स्टॉप 33 दिवस-रात्रि तक रुद्री संहिता का पाठ किया। यह एक रिकॉर्ड है जो एशिया व इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है।

एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के आधिकारिक निर्णायक,

■ एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड ने दिव्य ज्योति जागृति संस्थान को रिकॉर्ड सर्टिफिकेट दिया।

प्रमिल द्विवेदी ने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के अध्यक्ष, स्वामी आदित्यानंद और सचिव, स्वामी नरेंद्रानंद को रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट प्रदान किया। साथ ही अपने विचार साझा करते हुए द्विवेदी ने कहा, "संस्थान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार की यह पहल सराहनीय है। जिस शुद्ध उच्चारण एवं निःस्वार्थ भावना से इन वेदपाठियों ने यह असाधारण एवं ऐतिहासिक रिकॉर्ड को स्थापित किया हैं, यह भारतीय वैदिक संस्कृति को पोषित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सभी जिला कलक्टर गर्मी के लिये कन्टिन्जैंसी प्लान बनायें'

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर संभाग के विकास कार्यों की वीसी से समीक्षा की

■ मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि 2024-25 की बजट घोषनाओं के लम्बित प्रकरणों का तकनीकी परीक्षण कर सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ फरवरी के अंत तक जारी की जाएं।

जयपुर, 16 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर संभाग के सभी जिला कलैक्टरों को आगामी तीन दिन में पिछले बजट वर्ष 2024-25 की घोषणाओं के लम्बित प्रकरणों की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बजट संबंधी घोषणाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिला कलक्टर की होगी और इस संबंध में मौका निरीक्षण कर समस्याओं का समाधान किया जाए। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लम्बित प्रकरणों का तकनीकी परीक्षण करते हुए सभी आवश्यक स्वीकृतियां फरवरी माह के अंत तक जारी कर दी जाएं।

मुख्यमंत्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से जयपुर संभाग के विकास कार्यों एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। बैठक में जिला कलैक्टरों ने आगामी बजट 2025-26 के लिए पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन एवं परिवहन सुविधा सहित अन्य बिन्दुओं पर सुझाव भी दिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिला कलक्टर मौके पर निरीक्षण करते हुए तय मापदण्डों एवं उपयोगिता के आधार पर इन कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि आने वाले गर्मी के मौसम में आमजन को पेयजल, बिजली सहित अन्य मामलों में किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए सभी जिला कलैक्टर कन्टिन्जैंसी प्लान की तैयारी रखें तथा इन मामलों में जिला कलक्टर पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। मुख्यमंत्री ने सभी जिला कलक्टरों को आगामी गर्मियों के मौसम में पेयजल एवं बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने पेयजल के अवैध कनेक्शनों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने एवं बारिश के पानी के निकास की समुचित व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने झुंझुनूं जिले के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि लोहार्गल सहित अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने सीकर जिले की समीक्षा करते हुए



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीसी के माध्यम से जयपुर संभाग के विकास कार्यों एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संभाग के सभी जिला कलैक्टरों को आगामी तीन दिन में पिछले बजट वर्ष, 2024-25, की घोषणाओं के लम्बित प्रकरणों की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।*

कहा कि खाटूश्याम जी के मंदिर को भव्यता प्रदान करने की बजट घोषणा की अनुपालना में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाए ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को सुलभ एवं बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध हो सकें।

## विचार बिन्दु

देश का उद्धार विलासियों द्वारा नहीं हो सकता। उसके लिए सच्चा त्यागी होना आवश्यक है। –प्रेमचंद

# भ्रष्टाचार अब बुरा नहीं है!

ट्रांसपेरेंसी इण्टरनेशनल द्वारा हर बरस ज़ारी होने वाला भ्रष्टाचार बोध सूचकांक (करप्शन परसेप्शन इण्डेक्स) 2024 हमारे सामने है। इस सूचकांक में भारत कुल 180 देशों की सूची में 96 वें स्थान पर है। पिछले बरस के मुकाबले इस बरस हम एक पायदान नीचे उतरे हैं। पिछले बरस हमें एक सौ में से 39 अंक मिले थे (सौ अंक सबसे उम्दा, शून्य अंक सबसे खराब), इस बार 38 अंक मिले हैं। सन् 2022 में हमारे पास 40 अंक थे। मतलब यह कि इस सूचकांक के अनुसार हमारे यहां भ्रष्टाचार बढ़ा है। वैसे मात्र एक अंक कम होने से हमारी रैंकिंग तीन पायदान नीचे उतर गई है। यहां यह याद कर लेना भी अनुचित नहीं होगा कि सन 2016 में प्रधानमंत्री जी ने जो नोटबंदी की थी उसके द्वारा भ्रष्टाचार की कमर तोड़ देने के दावे किए गए थे। अब भी बहुत मुमकिन है कि सरकारी प्रवक्ता इस सूचकांक को भारत की छवि बिगाड़ने वाला और दुर्भावनापूर्ण बता दे। ऐसा हमेशा ही होता है।

इस भ्रष्टाचार सूचकांक के अनुसार वैश्विक औसत 43 अंक है और यह कई बरस से एक ही जगह ठहरा हुआ है। लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि दुनिया के दो–तिहाई देशों के अंक पचास से कम हैं। ज़ाहिर है कि दुनिया की आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा भ्रष्टाचार की गिरफ़्त में है। वैसे कम से कम 32 देश ऐसे हैं जिन्होंने सन् 2012 के बाद से अपनी स्थिति बेहतर बनाई है अर्थात अपने यहां भ्रष्टाचार को कम करने में कामयाबी हासिल की है, लेकिन यह खुशी इस तथ्य से कम हो जाती है कि कम से कम 148 देश ऐसे हैं जिनमें या तो भ्रष्टाचार जहां था वहीं ठहरा है या फिर बढ़ा है। इस बार के सूचकांक में जलवायु परिवर्तन के संबंध में भ्रष्टाचार की विशेष चर्चा की गई है और कहा गया है कि सारी दुनिया में बहुत बड़ी जनसंख्या वैश्विक तापन (ग्लोबल हीटिंग) के गंभीर दुष्परिणाम भुगत रही है क्योंकि ग्रीनहाउस गैस स्त्राव को कम करने के लिए निर्धारित धनराशि की चोरी या दुरुपयोग हो रहा है। इसी तरह पर्यावरणीय क्षति को बढ़ाने वाले जलवायु संकट को नियंत्रित करने वाली नीतियों को भ्रष्टाचार बहुत तेज़ी से अवरुद्ध कर रहा है।

मुझे इस सूचकांक की सबसे ख़ास बात यह लगी कि यहां भ्रष्टाचार को बहुत स्पष्ट तरह से समझाया गया है। सामान्यतः हम किसी भी ग़लत काम को और ख़ास तौर पर जिसमें धनराशि का लेन–देन होता हो, भ्रष्टाचरण कहते मानते हैं। लेकिन बात केवल इतनी नहीं है। इस सूचकांक के अनुसार प्रदत्त शक्तियों का निजी लाभ के लिए दुरुपयोग भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार की वजह से विश्वास नष्ट होता है, लोकतंत्र कमज़ोर होता है, आर्थिक विकास बाधित होता है और असमानता, सामाजिक विभाजन और पर्यावरणीय संकट में बढ़ोतरी होती है। सूचकांक के अनुसार भ्रष्टाचार तभी उजागर होगा और भ्रष्ट लोगों पर तभी कार्यवाही होगी जब हम यह समझ जाएंगे कि भ्रष्टाचार होता कैसे है।

सूचकांक में बताया गया है कि भ्रष्टाचार कई तरह से होता है और इसमें ये बातें शामिल हो सकती हैं: 1। लोकसेवकों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बदले में धन या अनुग्रह चाहना या प्राप्त करना, 2। राजनीतिज्ञों द्वारा सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया जाना और उनके द्वारा अपने प्रायोजकों, दोस्तों और परिजनों को सार्वजनिक नौकरियां या अनुबंध दिया जाना, निगमों द्वारा आकर्षक सौदे लेने के लिए अधिकारियों को रिश्वत देना। बताया गया है कि भ्रष्टाचार कहीं भी हो सकता है – व्यापार में, सरकार में, न्यायालयों में, मीडिया में और सिविल सोसाइटी में। यह स्वास्थ्य से लगाकर शिक्षा, मूलभूत व्यवस्थाओं और खेलों में अर्थात सब जगह संभव है। भ्रष्टाचार में कोई भी लिप्त हो सकता है– राजनीतिज्ञ, सरकारी अधिकारी, लोक सेवक, व्यापारी या आमजन। एक और ख़ास बात यहां यह कही गई है कि बदलती हुई परिस्थितियों में भ्रष्टाचार भी अपने रूप बदलता रहता है। यह नियमों, कानूनों यहां तक कि तकनीक के बदलने में भी संभव होता है। समाज भ्रष्टाचार का मूल्य अपनी आज़ादी को गंवा कर चुकाता है।

यहां सबसे अहम बात जो कही गई है वह यह है कि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए हमें पारदर्शिता को अपनाना चाहिए। पारदर्शिता का अर्थ है कौन, क्यों, कैसे और कितना – इन सवालों का जवाब जानना। इस बात को अगर और स्पष्ट किया जाए तो यह कि औपचारिक और अनौपचारिक नियमों, योजनाओं प्रक्रियाओं और क्रियाओं को पूरी तरह उजागर करना। असल में पारदर्शिता हमें अर्थात आम जन को जन हित के लिए सक्षम करती है। सूचना चाहना और प्राप्त करना मानवाधिकार है और इससे भ्रष्टाचार के खिलाफ सुरक्षा प्राप्त होती है। ध्यान देने की बात यह है कि पारदर्शिता का अर्थ केवल सूचना हासिल हो जाना ही नहीं है, यह भी है कि सूचना आसानी से प्राप्त की जा सके और वह इस रूप में हो कि आम नागरिक भी उसे समझ और उसका प्रयोग कर सके।

> **मुझे हमारे समाज की और वर्तमान की सबसे बड़ी त्रासदी यह लगती है कि हमने अच्छे और बुरे के बीच भेद करना बंद कर दिया है। अब किसी की बुराई हमें आहत ही नहीं करती है। बुराई को जैसे हमने धो-पोंछ कर पाक साफ़ कर लिया है। और जब हम बुराई मानते ही नहीं है तो फिर उसे दूर करने की तो बात ही क्या करें?**

यहीं यह भी याद किया जा सकता है कि हमारे यहां सूचना का अधिकार प्राप्त करने के लिए कितनी लंबी लड़ाई लड़ी गई और कैसे वह अधिकार प्राप्त किया गया। लेकिन इस कथा का एक स्याह पक्ष यह भी है कि हमारे प्रशासन और सरकारों ने क्रमशः इस सूचना के अधिकार को निष्प्रभावी बना दिया है। अब सूचना का अधिकार केवल सरकारी दस्तावेज़ों में रह गया है। आम नागरिक के लिए किसी भी तरह की सूचना प्राप्त करना लगभग नामुमकिन है। यह सूचना प्रदान करना जनहित में नहीं है एक ऐसी इबारत है जिसका बेख़ौफ और बेशर्मी से इस्तेमाल किया जाता है। आज हालत यह हो गई है कि किसी की शिक्षा जैसे बहुत सामान्य मामले में भी आपको जानकारी देने से मना कर दिया जाता है। बहुत बड़े कोष बना दिये जाते हैं, उनमें अकूत संपदा एकत्रित कर ली जाती है लेकिन उनको जानकारी देने वाले प्रावधानों से अलग रख कर सारी पारदर्शिता को धता बता दी जाती है। ये तो महज़चंद उदाहरण हैं। हर तरफ ऐसी ही स्थितियां हैं।

भले ही राजनीतिक दल अपनी छवि को उजला बताने के लिए ढोल पीट–पीटकर यह कहें कि वे भ्रष्टाचार को बहुत पीछे छोड़ आए है और यह कि जितना भी भ्रष्टाचार है वह उनसे इतर राजनीतिक दलों द्वारा ही किया गया था, ज़मीनी यथार्थ जो छवि प्रस्तुत करता है वह भिन्न है। कैसे जो कल तकभ्रष्ट बताए जाते थे, सत्तारूढ़ दल की वॉशिंग मशीन में जाते ही पवित्र हो जाते हैं, कैसे अचानक कोई सत्ता में आते ही वैभवशाली हो जाता है, कैसे सत्तारूढ़ दल अचानक भव्यातिभव्य दफ़्तर खड़े कर लेते हैं, कैसे वे लोग जो सत्ता के समानांतर हैं उन्हीं को सारे ठेके मिल जाते हैं, कैसे हम आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति रखने वालों को सर आंखों पर बिठाते हैं, कैसे समाज में चारों तरफ वैभव पसरा दिखाई देता है और कैसे हमने आर्थिक अपराध करने वालों को नीची नज़रों से देखना बंद कर दिया है – इन सब बातों को याद करना बहुत दुखद है।

ट्रांसपेरेंसी इण्टरनेशनल की इस रिपोर्ट में जो बताया गया है, असल में तो वह हमारे चारों तरफ पसरे भ्रष्टाचार के कीचड़ का बहुत छोटा हिस्सा है। जीवन में जैसे कुछ भी साफ़ सुथरा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार अब किसी को न तो आहत करता है न व्यथित। अब हम किसी को इसलिए खारिज़ नहीं करते हैं कि वह ज्ञात रूप से भ्रष्ट है। किसी का मूल्यांकन करते हुए हम उसके भ्रष्ट होने के बारे में तो सोचते ही नहीं हैं। यह तो जैसे उतना ही स्वाभाविक है जितना किसी का सजीव मनुष्य होना है। मनुष्य है तो भ्रष्ट होगा ही। इसमें चौंकने और आहत होने की क्या बात है! सच तो यह है कि हमने इसे जीवन के एक यथार्थ के रूप में स्वीकार कर लिया है। किसी का भ्रष्ट होना अब उसे हमारी नज़रों में गिराता नहीं है। उलटे अगर हमें अपने आस पास अगर कोई ऐसा नज़र आता है जो भ्रष्ट नहीं है तो हम उसकी अव्यावहारिकता और मूर्खता पर लज्जित और चकित होते हैं।

बहुत बार यह भी लगता है कि हमारा पारंपरिक सोच भी कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की इस स्वीकार्यता के लिए उत्तरदायी है। हरिशंकर परसाई ने कभी लिखा था कि जिस देश में पूरे साल पढ़ाई न करने वाला निकम्मा विद्यार्थी भी परीक्षा देने जाते समय किसी मंदिर के आगे रुक कर भगवान से यह कहे कि हे भगवान, अगर तुम मुझे पास कर दोगे तो मैं सवा रुपये का प्रसाद चढ़ाऊंगा, उस देश में भ्रष्टाचार ख़त्म हो ही नहीं सकता है। मेरा आशय किसी की आस्था को ठेस पहुंचाना क़तई नहीं है, लेकिन मैं बहुत बार सोचता हूं कि कैसे किसी पवित्र नदी में स्नान करने से आपके सारे पाप धुल सकते हैं? यह परिकल्पना ही बहुत अजीब है। क्या नदी में स्नान करना अपने आप में साध्य नहीं हो सकता?

मुझे हमारे समाज की और वर्तमान की सबसे बड़ी त्रासदी यह लगती है कि हमने अच्छे और बुरे के बीच भेद करना बंद कर दिया है। अब किसी की बुराई हमें आहत ही नहीं करती है। बुराई को जैसे हमने धो–पोंछ कर पाक साफ़ कर लिया है। और जब हम बुराई मानते ही नहीं है तो फिर उसे दूर करने की तो बात ही क्या करें?

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# प्रदेश के स्कूलों में सफाईकर्मियों के 27986 पद, सिर्फ 5301 ही भरे हैं

## शौचालयों की सफाई हेतु जमादारों के सिर्फ 520 पद स्वीकृत, इसमें से 376 पद खाली हैं

**बीकानेर,** (निसं)। स्कूल में झाड़ू लगाते शिक्षक किसी स्वच्छता अभियान में शामिल नहीं हैं, बल्कि ये इनका रोज का काम है। प्रदेश के अधिकतर स्कूलों में यही हालत है।

प्रदेश के स्कूलों में साफ–सफाई जैसे कामों के लिए सहायक कर्मचारियों के 27986 पद स्वीकृत हैं, लेकिन, इनमें से 22685 पद खाली हैं। सिर्फ 5301 ही भरे हैं। वहीं शौचालयों की सफाई के लिए जमादारों के सिर्फ 520 पद स्वीकृत हैं। इसमें से 376 पद खाली हैं। इस वजह से प्रदेश सरकार साफ–सफाई जैसे कार्यों के लिए हर स्कूल को महीने का 500 से एक हजार रुपए का बजट देती है। इतने बजट में शौचालय और स्कूल परिसर की सफाई संभव ही नहीं है। ऊपर से इस शिक्षा सत्र में अभी तक सफाई के मद में मिलने वाला बजट नहीं मिला है। मजबूरी में प्रिंसिपल शौचालय की सफाई के लिए अपनी जेब से पैसा देकर निजी कर्मचारी रखते हैं। प्रदेश में 65299 सरकारी स्कूल हैं। अधिकारियों का दौरा होता है तो वे सफाई व्यवस्था पर सबसे ज्यादा ध्यान देते हैं। ये अच्छी बात है, लेकिन इसके लिए कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है। बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि दो महीने पहले एक स्कूल पहुंचीं। सफाई ना होने पर एक आरएएस अधिकारी को जांच के लिए भेज दिया।

> ■ **मजबूरी में प्रिंसिपल शौचालय की सफाई के लिए अपनी जेब से पैसा देकर निजी कर्मचारी रखते हैं**

जांच में बचने के लिए शिक्षकों ने खुद सफाई की ताकि कोई कार्रवाई ना हो। वो आरएएस अब हर महीने स्कूल की चेकिंग करती हैं। कार्रवाई से बचने के लिए शिक्षक अब पढ़ाई के साथ खुद झाड़ू लेकर स्कूल की सफाई कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी कई बार स्कूलों में सफाई को लेकर सख्ती दिखा चुके हैं, लेकिन अभी तक व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। मौजूदा वित्तीय वर्ष मार्च में समाप्त हो जाएगा। स्कूलों को अब तक शौचालय सफाई के लिए दिए जाने वाल बजट नहीं मिला है। यानी जून से जो स्कूल खुले वो फरवरी तक कैसे साफ होंगे। कौन सा ऐसा कार्मिक है जो 10 महीने बिना पैसे के स्कूलों के शौचालय साफ करेगा। सरकारी कर्मचारी होने का ठप्पा इतना मजबूत है कि वे मूल काम ही कर लें तो ही बहुत है। सरकार चाहती है कि सहायक कर्मचारी शौचालयों की सफाई करें तो ये संभव नहीं। सहायक कर्मचारी तो शिक्षकों को ही सीधी आंखें दिखाते हैं। ऐसे कई विवाद सामने आ चुके हैं। कुछ मामले को इतना तूल पकड़ चुके कि मामला जातिगत अस्मिता तक पहुंच जाता है। वहीं, ग्रामीण स्कूलों के शौचालयों में पानी के कनेक्शन तक नहीं है। ना पानी की टंकी है। राज्य के सरकारी स्कूलों से संबंधित सभी तरह का डेटा विभाग के शाला दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध है। लेकिन शाला दर्पण पोर्टल के आंकड़े गुमराह कर रहे हैं।

नाम नहीं छापने की शर्त पर एक शिक्षिका ने बताया कि स्कूल में प्लेग्राउंड व शौचालय नहीं होने की स्थिति में भी जिले के अधिकारी रिपोर्ट में हां का ऑप्शन ही भरने के लिए कहते हैं, ताकि जिले की रिपोर्ट निगेटिव नहीं जाए।

# जल्द चलेगी वंदे भारत, रेलवे बोर्ड ने बीकानेर मंडल को प्रारंभिक मेंटेनेंस का काम सौंपा

## बीकानेर स्टेशन पर प्रारंभिक मेंटेनेंस की सुविधा मिलते ही वंदे भारत ट्रेन शुरू हो जाएगी

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर से दिल्ली के लिए जल्द ही वंदे भारत ट्रेन शुरू हो जाएगी। ट्रेन को शुरू करने के लिए रेलवे बोर्ड ने बीकानेर मंडल को प्रारंभिक मेंटेनेंस का काम सौंपा है। बीकानेर स्टेशन पर प्रारंभिक मेंटिनेंस की सुविधा मिलते ही वंदे भारत ट्रेन शुरू हो जाएगी। रेलवे बोर्ड ने पिछले दिनों वंदे भारत ट्रेन का अस्थायी टाइम टेबल भी जारी कर दिया है।

अस्थायी टाइम टेबल के अनुसार वंदे भारत सुबह 5:55 बजे बीकानेर से रवाना होकर दोपहर 12:15 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में शाम 4:30 बजे दिल्ली से रवाना होकर रात 10:50 बजे बीकानेर पहुंचेगी। इस अस्थायी टाइम टेबल में ट्रेन का एक स्टॉपेज रेवाड़ी दिखाया गया है। अन्य स्टॉपेज तय करने के लिए उत्तर–पश्चिम रेलवे और बीकानेर मंडल से सुझाव मांगे हैं। वंदे भारत का रैक उपलब्ध होने, टाइमिंग एवं स्टॉपेज फाइनल होने के साथ–साथ बीकानेर मंडल में प्रारंभिक मेंटिनेंस की सुविधा उपलब्ध होने के बाद रेलवे बोर्ड कभी भी ट्रेन चलाने की अनुमति दे सकता है। अस्थायी टाइम टेबल के अनुसार बीकानेर से दिल्ली किसी जरूरी काम के लिए जाने वाला व्यक्ति काम निबटा कर उसी दिन रात को वापस बीकानेर पहुंच सकता है। वर्तमान में एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेन बीकानेर से दिल्ली तक पौने आठ घंटे का समय लेती दिल्ली है, जबकि वंदे भारत से करीब 6.20 घंटे में दिल्ली पहुंचा जा सकेगा। इस तरह 1.25 घंटे की बचत होगी।

> ■ **रेलवे बोर्ड ने पिछले दिनों वंदे भारत ट्रेन का अस्थायी टाइम टेबल भी जारी कर दिया है**

बीकानेर से दिल्ली के बीच दिल्ली मौजूदा एक्सप्रेस ट्रेन के 11 स्टॉपेज है, जबकि वंदे भारत में तीन से चार स्टेशन पर ही ठहराव होगा। मौजूदा ट्रेन 100 से 110 की स्पीड से चल रही है, जबकि वंदे भारत 130 किमी प्रतिघंटे की स्पीड से चलेगी। वंदे भारत के कोच पूरी तरह से वातानुकूलित हैं और इनमें इलेक्ट्रिक आउटलेट, रीडिंग लाइट, सीसीटीवी कैमरे, स्वचालित दरवाजे, बायो–वैक्यूम शौचालय, सेंसर आधारित पानी के नल और यात्री सूचना प्रणाली की सुविधा है। बीकानेर से दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली कैंट और गुड़गांव में ठहराव हो सकता है। यहां ट्रेन का ठहराव इसलिए किया जाएगा क्योंकि यहां से दिल्ली एयरपोर्ट नजदीक पड़ता है। बीकानेर से जाने वाले यात्री को आगे हवाई सफर करना हो तो वह वहां उतर कर एयरपोर्ट आसानी से पहुंच सकता है।

कैप्टन शशि किरण, सीपीआरओ, उत्तर–पश्चिम रेलवे का कहना है कि रेलवे बोर्ड का लेटर आने की सूचना जरूर हमें मिल रही है, लेकिन हमारे पास अभी तक अधिकृत रूप से लेटर नहीं आया है। फिर भी बीकानेर में वंदे भारत ट्रेन की प्रारंभिक मेंटिनेंस की सुविधा अभी तक नहीं है। प्रारंभिक मेंटिनेंस की सुविधा जल्द ही वहां उपलब्ध करवा दी जाएगी। सुविधा शुरू होने के बाद वंदे भारत ट्रेन को शुरू कर दिया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने प्रारंभिक मेंटिनेंस का जिम्मा बीकानेर मंडल को दिया है।

# सेना के जवान अजयपाल सिंह भाटी ने दहेज लिए बिना विवाह किया

**जोधपुर,** (कासं)। भारतीय सेना में कार्यरत जवान अजयपाल सिंह भाटी ने अपनी जीवन संगिनी का हाथ थामने के दौरान ग्यारह लाख रुपए की टीके की राशि लौटाकर शगुन के तौर पर मात्र इक्कीस रुपए की राशि एवं श्रीफल स्वीकार कर राजपूत समाज में एक आदर्श मिसाल पेश की।



दुल्हे ने ग्यारह लाख रुपए की टीके की राशि लौटाकर इक्कीस रुपए एवं श्रीफल स्वीकार किया।

जोधपुर जिले की बालेसर तहसील के शूरसिंह नगर खुडियाला गांव निवासी ऑनरेरी कैप्टन नारायण सिंह भाटी के भारतीय सेना में कार्यरत बड़े पुत्र अजयपाल सिंह भाटी का विवाह 14 फरवरी को जैतारण तहसील के गांव टीबडी निवासी किशन सिंह चांदावत की पुत्री मूमल कंवर के साथ हुआ। विवाह की रस्मों के दौरान दुल्हन मूमल कंवर के पिता किशन सिंह ने दूल्हे अजयपाल सिंह भाटी के हाथों में टीके की राशि ग्यारह लाख रुपए से भरा थाल थमाया तो देश की रक्षा के लिए हाथों में बन्दूक थामे रखने वाले सेना के जवान दूल्हे अजयपाल सिंह भाटी ने ग्यारह लाख रुपए की टीके की राशि का थाल लौटाकर शगुन के तौर पर मात्र इक्कीस रुपए एवं श्रीफल स्वीकार कर समाज में अनूठी मिसाल पेश की। अपनी गृहस्थी की गाड़ी को चलाने के लिए दूसरे पहिए मूमल कंवर का हाथ थाम कर परिणय सूत्र में बंधे। राजपूत समाज के दूल्हे अजयपाल सिंह भाटी ने विवाह के दौरान लाखों रुपए का दहेज का सामान भी नहीं लिया। दुल्हन के पिता किशन सिंह चांदावत ने अपने घर की मर्यादा मूमल कंवर को शगुन के तौर पर पांच वस्तुएं प्रदान कर ससुराल के लिए विदा किया।

दूल्हे के रिश्तेदार चंदन सिंह भाटी कपूरिया ने कहा कि यह विवाह राजपूत समाज में दहेज प्रथा को रोकने के लिए मिशाल बनेगा। इससे समाज को नई दिशा एवं युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।

यहां यह उल्लेखनीय है कि खुडियाला निवासी ऑनरेरी कैप्टन नारायण सिंह भाटी की पुत्री सुमन कंवर का विवाह पांच फरवरी 2022 को जोधपुर की बी.जे. एस. कॉलोनी में रह रहे अरविन्द सिंह राठौड़ के साथ हुआ था। तब दूल्हे बने अरविन्द सिंह राठौड़ ने भी भारतीय सेना में रहे अपने दादोसा स्वर्गीय भैरु सिंह राठौड़ (जालसू) पुत्र स्व. मेजर नाथू सिंह की प्रेरणा से अपने विवाह के दौरान टीके के राशि एवं दहेज लेने से पहले ही मना कर दिया था। उस दौरान सेना में कार्यरत खुडियाला निवासी नारायण सिंह भाटी ने अपने पुत्रों के विवाह के दौरान लाखों रुपए की टीके की राशि एवं दहेज नहीं लेने का मानस बना लिया था। इसी के चलते नारायण सिंह भाटी ने सेना में कार्यरत अपने बड़े पुत्र अजयपाल सिंह के विवाह में टीके की राशि व दहेज नही लिया। अजयपाल सिंह भाटी के छोटे भाई भोपेन्द्र सिंह भाटी भारतीय जल सेना में कार्यरत है। दादोसा भंवर सिंह भाटी भी भारतीय सेना में थे।

> ■ **दूल्हे अजयपाल सिंह भाटी ने विवाह के दौरान लाखों रुपए का दहेज का सामान भी नहीं लिया**

# उदावास पंचायत में 1.28 करोड़ का घोटाला

## बीडीओ ने सरपंच और वीडीओ के खिलाफ सदर थाने में मामला दर्ज करवाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। उदावास पंचायत की सरपंच सुमन देवी तथा वीडीओ पीयूष भारद्वाज के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज करवाया गया है। सदर थाने में उदावास सरपंच सुमन देवी तथा वीडीओ पीयूष भारद्वाज के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर थाने में झुंझुनूं पंचायत समिति के विकास अधिकारी करणीराम ने लिखित रिपोर्ट देकर केस दर्ज कराया है कि उदावास वीडीओ पीयूष भारद्वाज ने 1 करोड़ 28 लाख 43 हजार 95 रूपए के 747 भुगतान अलग–अलग संविदा कर्मचारी के खातों में भुगतान किया है जो अनियमित भुगतान की श्रेणी में माने गए हैं। कोई भी भुगतान सरपंच की सहमति के बिना नहीं होता, इसलिए सरपंच सुमन देवी तथा वीडीओ पीयूष भारद्वाज के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि इस भुगतान के बारे में जांच करने के लिए और भुगतान का रिकॉर्ड लेने के लिए कई बार पंचायत समिति की टीम पंचायत भवन गई, लेकिन वहां पर वीडीओ पीयूष भारद्वाज नहीं मिले, ना ही जांच कमेटी के समक्ष प्रस्तुत हो रहे हैं और ना ही रिकॉर्ड दे रहे हैं। जिसके चलते अब एफआईआर दर्ज करवाई है।

जानकारी के अनुसार वीडीओ पीयूष भारद्वाज द्वारा पिछले साल ना केवल उदावास, बल्कि इंडाली में करीब 90 लाख तथा प्रतापपुरा पंचायत में करीब 20 लाख से ज्यादा का भुगतान भी किया गया था, जो संदिग्ध था और अनियमित भुगतान की श्रेणी में था। जिस पर उन्हें सस्पैंड कर दिया था। लेकिन बाद में पीयूष भारद्वाज ने कोर्ट से अपने निलंबन आदेश पर स्टे ले लिया था। पीयूष भारद्वाज उदावास में ही वीडीओ पद पर कार्यरत है। उनके पास इंडाली और प्रतापपुरा पंचायत का अतिरिक्त कार्यभार था।

इधर, वीडीओ पीयूष भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने किसी तरह का गबन नहीं किया है। जो भुगतान किया गया है। उनके कार्य मौके पर मौजूद है। पंचायत समिति के पास सारा रिकॉर्ड है। एफआईआर के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। वे हर प्रकार की जांच में सहयोग दे रहे हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 17 फरवरी, 2025**

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, चित्रा नक्षत्र मंगलवार प्रातः 7:35 तक, शूल योग प्रातः 8:54 तक, कौलव करण दिन 3:35 तक, चन्द्रमा आज सायं 6:02 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–मिथुन, बुध–कुम्भ, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज महापात योग सायं 4:45 से रात्रि 9:13 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:30 तक, शुभ 9:53 से 11:17 तक, चर 2:05 से 3:29 तक, लाभ–अमृत 3:24 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:06, सूर्यास्त 6:16

**मेष**
व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। दिनचर्या में सुधार होगा।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। शुभ–धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य से संबंधित यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**तुला**
नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**कुंभ**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज मांगलिक–धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

# देश के गृहमंत्री भी गुप्ता द्वारा गुजरात में स्वच्छता में किए गए कार्यों की करते हैं प्रशंसा

- यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन के साथ कार्य करके डूंगरपुर ने स्वच्छता में अपनी पहचान बनाई है : के के गुप्ता
- आचार्य महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय के भवन विस्तारीकरण का लोकार्पण समारोह

**डूंगरपुर।** जागरण जन सेवा मंडल वागदरी द्वारा संचालित आचार्य महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय में तत्कालीन लोकसभा सांसद की विकास निधि से निर्मित भवन के विस्तारीकरण का लोकार्पण समारोह रविवार को आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि सिक्किम राज्य के माननीय राज्यपाल श्री ओम माथुर रहे। मंच पर सम्मानित अतिथियों में राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर लोकसभा सांसद श्री डॉ मन्नालाल रावत, पूर्व सांसद लोक सभा श्री कनक मल कटारा, पूर्व विधायक श्री धर्म नारायण जोशी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रदेश समन्वयक और नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति श्री के के गुप्ता, सागवाड़ा विधायक श्री शंकर लाल डेचा आदि सम्मिलित रहे।

समारोह के प्रारंभ में जागरण जन सेवा मंडल के संयोजक पद्मश्री अलंकृत श्री मूलचंद लोढ़ा ने समस्त अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने वागदरी में आचार्य महाप्रज्ञ आई हॉस्पिटल में सांसद कोष से बने 28 लाख रुपए के भवन का लोकार्पण किया। राज्यपाल ने आचार्य महाप्रज्ञ आई हॉस्पिटल के साथ ही बच्चों की शिक्षा और संस्कारों को लेकर किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

सिक्किम के राज्यपाल महोदय ओमप्रकाश माथुर ने डूंगरपुर की स्वच्छता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के समन्वयक और डूंगरपुर के पूर्व सभापति केके गुप्ता ने गुजरात में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के गांव को साफ कर दिखाया है। वे जब भी दिल्ली में गृहमंत्री से मिलते हैं, तो वे भी गुप्ता के बारे में जरूर पूछते हैं। स्वच्छता में उनके कामों को गृहमंत्री भी तारीफ करते हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल माथुर द्वारा 20 लाख रुपए, राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल गरासिया द्वारा 20 लाख रुपए और उदयपुर लोकसभा सांसद श्री डॉ रावत द्वारा 15 लाख रुपए चिकित्सालय के विकास कार्यों के लिए जारी करने की घोषणा की गई। वही राज्यपाल महोदय द्वारा 11 लाख रुपए का चेक मौके पर ही प्रदान किया गया। सिक्किम के राज्यपाल महोदय श्री ओमप्रकाश माथुर ने कहा साल 2014 के पहले पद्म पुरस्कार परिवार में और बड़े-बड़े लोगों को बांटे जाते थे। इसके बाद देश में पद्म पुरस्कार धरातल पर सेवा करने वालों को दिया जा रहा है। इसने कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। मुस्लिम को भी अवॉर्ड मिल रहा है। राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने पद्मश्री अवॉर्ड प्राप्त मूलचंद लोढ़ा के सेवा कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि ये वागड़ का हीरा है, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मानित किया। उनके सेवा कार्यों के चर्चे देशभर में है। वागड़ को गर्व करना चाहिए कि मूलचंद लोढ़ा वागड़ का हीरा है, जिन्हें पद्मश्री मिला।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि आदरणीय ओम जी माथुर भाई साहब भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं में माने जाते है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी ने ओम जी भाई साहब को मध्य प्रदेश उत्तराखंड राजस्थान आदि राज्यों में प्रभारी का दायित्व सौंपा तब वहां बीजेपी ने विधानसभा और स्थानीय चुनावो में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री मोदी जी ने आप श्रीमान पर विश्वास कायम रखते हुए देश के सबसे पूर्वोत्तर राज्य और पर्यटक तथा अंतर्राष्ट्रीय सीमा के अनुसार भी महत्वपूर्ण राज्य सिक्किम का राज्यपाल मनोनीत किया। गुप्ता ने कहा कि ओम जी भाई साहब के सानिध्य में मुझे भी वर्ष 2008 में कार्य करने का अवसर मिला जब आपको राजस्थान प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आपके कार्यकाल में बीजेपी ने राजस्थान में पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाई।

गुप्ता ने कहा कि ओमजी भाई साहब ओजस्वी, यशस्वी एवं तेजस्वी होने के साथ-साथ तप, त्याग एवं तपस्या की भूमिका में अठाणी रहते है। जिस तरह 100 करोड लोगों की आस्था राम मंदिर एवं महाकुंभ में रही है, इस तरह राजस्थान के 7 करोड लोगों की आस्था एवं विश्वास ओम जी माथुर भाई साहब में है। आप मोदी जी के बहुत नजदीक हैं एवं उच्च निर्णयों में माथुर साहब की अहम भूमिका रहती है। गुप्ता ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत का एक सपना देखा गया था और इसी विजन को पूरा करने के उद्देश्य के साथ मेरे कार्यकाल के दौरान नगर परिषद डूंगरपुर द्वारा स्वच्छता सहित पर्यावरण, जल संरक्षण और जल संचय के क्षेत्र में क्रांतिकारी नवाचार अपनाते हुए ऐसे ऐतिहासिक कार्य करके नए रिकॉर्ड स्थापित किए गए जो आज भी देश के कई निकायों के लिए अनुकरणीय है। अध्यक्षीय उदबोधन में पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने जागरण जनसेवा मण्डल के संस्थापक मूलचंद लोढ़ा को सेवा मनीषी निरूपित करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से जागरण जनसेवा मण्डल द्वारा सेवा क्षेत्र में चरित्रवान नागरिकों का निर्माण हो रहा है। राज्यसभा सदस्य चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि मूलचंद लोढ़ा ने अपना पूरा जीवन इस वनवासी क्षेत्र की सेवा में समर्पित कर दिया। आप सही मायनों में संत है। आपके इन्हीं सेवा कार्यों का परिणाम है कि भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित कर आपके सेवा प्रकल्पों का सम्मान किया है। उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने कहा कि सेवा के संस्कार वागदरी के इस सेवाधाम में प्रवाहित होते है। वनवासी अंचल में सेवा प्रकल्पों को गतिमान रखने हेतु समाज के प्रबुद्धजनों को आगे आना चाहिए। गुरु राजेश्वरानंद ने अपने आशीर्वचन में जागरण जन सेवा मंडल द्वारा संचालित किया जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार मूलचंद लोढ़ा जैसे अकेले व्यक्ति ने इस वनवासी अंचल में पीड़ित मानवता की सेवा का संकल्प लिया और तमाम अभावों के बावजूद निष्काम कर्म करते हुए समाज के प्रबुद्ध वर्ग के सहयोग से आज सेवा रूपी वटवृक्ष खडा कर दिया है।

समारोह के पश्चात सिक्किम राज्य के ओम माथुर और राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल गरासिया सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेताओं का श्री गुप्ता के आजाद नगर स्थित निवास पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में व्यापारिक संगठन चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित अन्य स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री गुप्ता व सम्मानित अतिथियों तथा वरिष्ठ भाजपा नेताओं के बीच स्वच्छ भारत मिशन के विजन के साथ आगामी पंचायती राज और नगर निकाय चुनाव विजय की रणनीति पर चर्चा की गई।

# लेकसिटी के कला आंगन में भरे विविध रंग

**उदयपुर,** । अंचल में कला-संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन को समर्पित कश्ती फाउंडेशन और ललित कला अकादमी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार से प्रारंभ हुए तीन दिवसीय कला आंगन के दूसरे दिन रविवार को सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों को कला के विविध रंगों से रूबरू करवाया।

कश्ती फाउंडेशन प्रमुख श्रद्धा मुर्डिया ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वरडा में आयोजित हो रहे कला आंगन में प्रातःकालीन सत्र स्केचिंग के नाम रहा। स्केच आर्टिस्ट और वास्तुकार सुनील लड्ढा के नेतृत्व में अर्बन स्केचर्स और विद्यार्थियों ने मिलकर भांति-भांति के स्केच तैयार किए। इस सत्र में 35 से अधिक विद्यार्थियों के साथ कलाकारों ने पेंसिल और रंगों से चित्र कृतियों का सृजन किया। संचालन कहानीकार रजत मेघनानी ने किया। मुर्डिया ने बताया कि मिराज ग्रुप, राउंड टेबल, मंगलम आर्ट्स, कपूर ट्रेडर्स, श्रीजी प्रॉपर्टी और उदयपुर कलर्स के सोजन्य से आयोजित तीन दिवसीय कला आंगन का समापन सोमवार शाम को प्रदर्शनी आयोजन के साथ किया जाएगा। कला आंगन संयोजक हेमंत जोशी ने बताया कि कला चर्चा सत्र में राजस्थान विद्यापीठ के सेवानिवृत्त प्राध्यापक व चित्रकार श्रीनिवासन अय्यर से सुनील लड्ढा ने बातचीत की। इस दौरान अय्यर ने जातक कहानियों, पंचतंत्र इत्यादि से लेकर प्रकृति के विविध तत्वों से मिलने वाले संदेशों को उजागर किया और कला के विविध आयामों का परिचय दिया। उन्होंने कलाकार के मन में बादल की आकृति से लेकर उठने वाली भांति-भांति की कल्पनाओं और इसे मूर्त रूप देने पर होने वाली सर्जना के बारे में बताते हुए कला के आमजन को मिलने वाले लाभों के बारे में बताया। इसी प्रकार राहुल माली से पिंडवाडा (सिरोही) के कलाकार महेश कुमावत ने देशभर के चुनिंदा 12 कलाकारों में से प्रयागराज कैंप के लिए उनके चयन और अपनी कलायात्रा पर जानकारी दी वहीं राउंड टेबल के मोहित अग्रवाल, मोहित सिंघवी और मनन ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। अहमदाबाद की आर्टिस्ट फेनिल पटेल ने कला के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर विचार व्यक्त किए।

कला आंगन के द्वितीय सत्र में तैराकी फिल्म से चर्चा में आए उभरते बॉलीवुड फिल्म निर्देशक कुणाल मेहता ने विद्यार्थियों के समक्ष अपनी कहानी बया की तो विद्यार्थी एकटक सुनते ही रहे। सरकारी विद्यालय मे पढे मेहता ने थियेटर के बाद शॉर्ट फिल्मों में बतौर एक्टर काम करते हुए फिल्म की पटकथा लेखन के साथ जब फीचर फिल्म निर्माण के क्षेत्र में करियर बनाने के वाकये को सुनाया तो मौजूद अतिथियों और कलाकारों ने करतल ध्वनि से उनके जज्बे की सराहना की।

# उदयपुर लेकसिटी वारियर व दिल्ली चौलेंजर्स ने मुकाबले जीते

**उदयपुर।** लेकसिटी के फील्ड क्लब मैदान पर रविवार से पिम्स मेवाड़ कप का तीसरा सीजन शुरू हुआ। पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर एवं दिल्ली रणजी टीम के कप्तान आयुष बडोनी की बल्लेबाजी देखने के लिए खेलप्रेमी व शहरवासी बड़ी संख्या में पहुंचे। मेवाड़ कप में इस बार भी अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और आइपीएल खिलाड़ी मैदान में चौके-छक्के मारते हुए दिखेंगे। पिछले साल पिम्स मेवाड़ कप के सफल आयोजन के बाद इस बार तीसरा एडिशन पिम्स हॉस्पिटल उमरड़ा और मिराज पाइप एंड फिटिंग के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है।

आयोजक नमन अठावाल व कुलदीप आमेरिया ने बताया कि फील्ड क्लब में आयोजित टी-20 प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में उदयपुर लेकसिटी वारियर ने पहले खेलते हुए उपेंद्र यादव के 42 और मयंक रावत की 31 रन की बदौलत निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 195 रन बनाए। अभिमन्यु लांबा ने 4 व राहुल ने दो विकेट लिए। जवाब में उदयपुर क्रिकेट एकेडमी सभी विकेट खोकर 175 रन ही बना सकी। आयुष बडोनी ने 32 रन बनाए, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मौनी ठोवाल ने तीन विकेट लिए।

आयोजक चन्द्रपालसिंह चूंडावत व हर्षित धाभाई ने बताया कि दूसरे मुकाबले में मेवाड़ टूरिज्म क्लब ने तजेंदर ढिल्लो के 42 रन की मदद से 114 रन बनाए। जवाब में दिल्ली चैलेंजर्स ने उवेश अहमद के 36 व करण शर्मा के 30 रन की बदौलत 11 ओवर में ही चार विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

इससे पहले उदघाटन समारोह में प्रदेश के सहकारिता मंत्री गौतम दक व भाजपा शहर जिला अध्यक्ष गजपालसिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और प्रतियोगिता का विधिवत आगाज किया। प्रतियोगिता में लिबर्टी, पिम्स, एमपीसी, दिल्ली चौलेंजर्स, उदयपुर लेकसिटी वारियर्स, उदयपुर क्रिकेट एकेडमी, आदित्यम रियल स्टेट एवं जीआर क्रिकेट एकेडमी की टीमें भाग ले रही है।

प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर दीपक हुड्डा, राहुल चाहर, नवदीप सैनी, रवि बिश्नोई, रजत पाटीदार, यश धूल, सुयश प्रभु देसाई, आयुष बदोनी, जितेश शर्मा, आशुतोष शर्मा भी गेंद व बल्ले से अपना हुनर दिखाते नजर आएंगे। प्रतिदिन लक्की ड्रा निकाला जाएगा। वहीं अंतिम दिन लक्की ड्रा में चयनित व्यक्ति को इलेक्ट्रोनिक स्कूटी दी जाएगी। विजेता टीम को पांच लाख व उप विजेता को तीन लाख की राशि प्रदान की जाएगी। शुरूआती छह मैच फील्ड क्लब मैदान पर और सेमीफाइनल और फाइनल मैच मिराज क्रिकेट स्टेडियम नाथद्वारा में खेले जाएंगे।

# करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन

**उदयपुर,** । महाराणा प्रताप टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी से संबद्ध कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग में विद्यार्थियों के लिए वे फॉरवर्ड टू ए रॉबस्ट करियर करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन हुआ ।

सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. विक्रमादित्य दवे ने अतिथि का स्वागत करते हुए करियर गाइडेंस की महत्ता पर प्रकाश बताया डाला । सेमिनार में जाने-माने करियर काउंसलर, विदेश शिक्षा एक्सपर्ट और जे.एस. ग्लोबल उदयपुर जितेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के साथ सफल व मजबूत करियर के लिए उपयोगी जानकारियां और रोडमेप साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि आज टेक्नोलॉजी बडे पैमाने पर देश और दुनिया की अर्थव्यवस्था को दिशा दे रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे कॉलेज शिक्षा के दौरान पाठ्यक्रम के साथ-साथ अत्यंत जरूरी सोफ्ट स्किल भी डेवलप करें तो बेरोजगारी का सामना नहीं करना पडेगा ।

# सिक्किम के राज्यपाल रहे डूंगरपुर के प्रवास पर

**उदयपुर,** । सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने कहा है कि समाज की निस्वार्थ और समर्पित भाव से की गई सेवा का कोई मोल नहीं है। सेवा क्षेत्र में कई प्रकार के कष्ट और बाधाएं आती हैं लेकिन जो तमाम कष्टों और बाधाओं के बावजूद अपने दृढ संकल्प व इच्छाशक्ति से समाज की सेवा करता है वही सेवा के नए प्रतिमान स्थापित करता है।

राज्यपाल माथुर ने यह विचार रविवार को डूंगरपुर जिले के वागदरी गांव में जागरण जनसेवा मण्डल द्वारा संचालित आचार्य महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय के भवन विस्तारीकरण कार्य के लोकार्पण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। बांसवाडा डूंगरपुर के तत्कालीन लोकसभा सांसद कनकमल कटारा द्वारा सांसद मद से प्रदत्त 28 लाख रुपए की लागत से बने चिकित्सालय के विस्तारित भवन के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर लोकसभा सांसद मन्नालाल रावत,जागरण जनसेवा मंडल के संस्थापक पद्मश्री मूलचंद लोढा,सागवाडा विधायक शंकरलाल डेचा, गुरु राजेश्वरानंदए मावली के पूर्व विधायक धर्म नारायण जोशी पूर्व सभापति के के गुप्ता एवं जागरण के अध्यक्ष डॉ दलजीत यादव मंचासीन रहे।

समारोह में उपस्थित अंचल के प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए राज्यपाल माथुर ने कहा कि सेवा का सम्मान हमारा सामाजिक और नैतिक दायित्व है। वर्ष 2014 से पहले पद्म सम्मान अपने परिवारों या बडे बडे लोगों में बंटते थे लेकिन विगत दस वर्षों से यह सम्मान दूरदराज के क्षेत्रों में बिना किसी लालसा के समाज की सेवा में जुटे निष्काम कर्मयोगियों को प्रदान किए जा रहे है। डूंगरपुर के मूलचंद लोढा को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान प्रदान करना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यही सही मायनों में सेवा का सम्मान है।

उन्होंने कहा कि आज समाज में हो रही टूटन को रोकने के लिए समाज को एकसूत्र में बांधने की आवश्यकता है और निष्काम सेवा प्रकल्पों के माध्यम से यह संभव है। सिक्किम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत में विलय के साथ ही सिक्किम के लोगों ने सिक्किम को ऑर्गेनिक प्रदेश बनाने का संकल्प लिया और सभी ने अपने समर्पित प्रयासों से सिक्किम को ऑर्गेनिक खेती वाला अनूठा प्रदेश बना दिया हैए जो संकल्प शक्ति की उत्कृष्ट मिसाल है। डूंगरपुर पहाडी क्षेत्र हैए यहां भी ऑर्गेनिक खेती की विपुल संभावना हैए सिक्किम पैटर्न से इस क्षेत्र को भी लाभान्वित किया जा सकता है।अध्यक्षीय उदबोधन में पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने जागरण जनसेवा मण्डल के संस्थापक मूलचंद लोढा को सेवा मनीषी निरूपित करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से जागरण जनसेवा मण्डल द्वारा सेवा क्षेत्र में चरित्रवान नागरिकों का निर्माण हो रहा है। राज्यसभा सदस्य चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि मूलचंद लोढा ने अपना पूरा जीवन इस वनवासी क्षेत्र की सेवा में समर्पित कर दिया। आप सही मायनों में संत है।

# जनजाति मंत्री खराडी का पुत्र सड़क हादसे में घायल

**उदयपुर,** । प्रदेश के जनजाति मंत्री बाबूलाल खराडी का पुत्र रविवार को सडक हादसे में घायल हो गया जिसे कोटडा में प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया एम.बी.हॉस्पिटल में उसका उपचार जारी है ।

उदयपुर के कोटडा मार्ग पर रविवार सुबह 9.30॰बजे प्रदेश के जनजाति मंत्री बाबूलाल खराडी के छोटे बेटे प्रद्युम्न खराडी (23) की एसयूवी कार श्वान को बचाने के चक्कर में 50 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई। ग्रामीणों ने धमाके की आवाज सुनी तो घटनास्थल की ओर दौडे। स्कॉर्पियो में प्रद्युम्न बेहोश थे। ग्रामीणों ने उन्हें कांच तोडकर बाहर निकाला। मंत्री खराडी के भाई सुरेंद्र सिंह ने बताया प्रद्युम्न हमारे गांव निचला फलां से कोटडा बाजार के लिए काम से निकले थे। इस दौरान डेढ किमी आगे कोटडा मार्ग पर एक श्वान कार के सामने आ गया। उसे बचाने की कोशिश में प्रद्युम्न ने कार के ब्रेक लगाए। वह बेकाबू हो गई और खाई में जा गिरी। सुरेंद्र सिंह ने बताया। ग्रामीणों ने प्रद्युम्न को तुरंत कोटडा हॉस्पिटल पहुंचाया। यहां इलाज के बाद उन्हें उदयपुर एमबी हॉस्पिटल रेफर कर दिया ।

# स्थापना दिवस समारोह 22 को

उदयपुर, । भारतीय लोक कला मण्डल का 74 वाँ स्थापना दिवस 22 फरवरीसे प्रारम्भ होगा जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार एवं रंगकर्मी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। समारोह में तीन दिवसीय लोकानुरंजन मेला एवं 21 वें पद्मश्री देवीलाल सामर स्मृति राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। निदेशक डॉ लईक हुसैन ने बताया ।

# राजस्थान में कृषि की समृद्ध परंपरा : प्रो. कर्नाटक

- कृषि विज्ञान मेले का भव्य आयोजन
- कुलपति प्रो कर्नाटक को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा।
- किसानों और विद्यार्थियों ने नवीन तकनीकों से ली सीख

**उदयपुर,** । राजस्थान विद्यापीठ के संघटक महाविद्यालय, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भा.कृ.अनु.प.) - भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को कृषि विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ एम.पी.यू.टी. के कुलपति प्रो. अजीत कुमार कर्नाटक, दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. योगानंद शास्त्री, कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर, भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के निदेशक डॉ. रवि माथुर तथा कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, पूर्व कुलपति प्रो राजेश सिंह, विशिष्ट अतिथि के प्रसार निदेशक एम पी यू टी आर एल सोनी, इनकम टैक्स कमिश्नर के.के. सिंह, एडवाइजर इंद्रजीत माथुर ने किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो अजीत कुमार कर्नाटक को कृषि की उन्नित के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र का वाचन कर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया।

मुख्य अतिथि प्रो. अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि राजस्थान की कृषि समृद्ध परंपरा से जुड़ी हुई है। यहां के किसान कभी भी भूखमरी या आत्महत्या की स्थिति में नहीं आते क्योंकि राज्य में उन्नत कृषि पद्धितयों के साथ-साथ पशुपालन की भी अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने किसानों की मेहनत और समर्पण को देश की उन्नित का आधार बताते हुए कहा कि वे राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने किसानों की प्रगति के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार द्वारा कृषक उन्नित योजना चलाई जा रही है, जिससे किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य मिल सके। उन्हें उन्नत तकनीकों के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा बीज, कीटनाशक, उर्वरक आदि की खरीद में सहायता प्रदान की जाती है। फसल खराब होने पर बीमा कवर दिया जाता है और उनके प्रशिक्षण व प्रदर्शन के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से उन्हें नई तकनीकों की जानकारी दी जाती है, वहीं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) जैसे कार्यक्रम कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने में सहायक हैं। कृषि नीति निर्माण में किसानों व अन्य हितधारकों से संवाद स्थापित किया जाता है तथा जलवायु परिवर्तन के अनुरूप विभिन्न मिशनों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूती दी जाती है।

कुलाधिपति भंवर गुर्जर ने कहा कि किसानों की मेहनत और नवाचार से ही देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो पाती है और कृषि का निरंतर विकास संभव हो पाता है। उन्होंने कृषि भूमि के कम होने पर चिंता जताते हुए कहा कि शहरीकरण के बजाय गांवों में भी शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तो वहां के युवा गांव में ही रहकर खेती को कॅरियर बनाने की ओर अठासर होंगे।

**तकनीकी नवाचारों से अवगत हुए किसान** - कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस के डीन प्रो. गजेन्द्र माथुर ने बताया कि मेले में 500 से अधिक किसान एवं विद्यार्थी शामिल हुए और नवीनतम कृषि तकनीकों से रूबरू हुए। मेले का मुख्य आकर्षण किसानों और वैज्ञानिकों के बीच संवाद, विश्वविद्यालय एवं कृषि आदान संस्थानों की तकनीकी प्रदर्शनी रही। इसके अतिरिक्त, कृषि महाविद्यालय की विभिन्न इकाइयों - फसल उद्यानिकी, नर्सरी, बीज इकाई, अनुसंधान खेत, कृषि संठाहालय एवं फल प्रसंस्करण इकाई का भ्रमण भी करवाया गया।

मेले का संचालन डॉ. सोनिया जायसवानी एवं सौरव राठौड़ ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नारायण सिंह सोलंकी ने दिया। इस अवसर पर डॉक्टर अरुण परिहार डॉ आनंद सिंह जोधा डॉ सुरभि आदि का भी प्रमुख योगदान रहा।

**प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं तिलहन फसलों पर विशेष जोर** - मेले में किसानों के लिए फसल, फल एवं सब्जी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके अलावा, महिलाओं के लिए विशेष रूप से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उदयपुर जिले के किसानों को तिलहन फसलों के उत्पादन एवं उनके आर्थिक महत्व की जानकारी दी गई। तिलहन फसलें नकदी फसलों के रूप में किसानों की आय में वृद्धि कर सकती हैं। विशेष रूप से जनजातीय कृषक समुदाय को तिलहन उत्पादन अपनाने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति सशक्त हो सके। तिलहन प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं।




# इन्फ्लुएंज़ा बी वायरस से तीन बच्चों की मौत, 20 अस्पताल में भर्ती

## प्रारंभिक जांच में ये मौतें खांसी, बुखार और फेफड़ों में संक्रमण के कारण हुई थी

■ मृतक बच्चों के सैंपल की रिपोर्ट में इन्फलुएंजा बी वायरस की पुष्टि हुई है

■ जिला अस्पताल में बुखार से पीड़ित 20 बच्चों का इलाज जारी, दो बच्चे बीकानेर भर्ती

■ स्वास्थ्य निदेशालय जयपुर से भी हनुमानगढ़ जिले को लेकर निर्देश जारी किए

**हनुमानगढ़,** (निसं)। तीन बच्चों की रहस्यमय मौत ने क्षेत्र में दहशत फैला दी है। प्रारंभिक जांच में ये मौतें खांसी, बुखार और फेफड़ों में संक्रमण के कारण हुई थीं और मृतक बच्चों के सैंपल की रिपोर्ट में इन्फलुएंजा बी वायरस की पुष्टि हुई है। इसके बाद से इलाके में संक्रमण के प्रसार को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बरतते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

सैंपल की जांच में इन्फलुएंजा बी की पुष्टि होने के बाद आस पास के क्षेत्रों और मृतकों के परिजनों से 17 नए सैंपल एकत्र किए गए थे, जिनमें से 8 सैंपल्स में भी इन्फलुएंजा बी के वायरस की पुष्टि हुई। इस संक्रमण के फैलने के बाद आमजन में कोविड-19 के बाद एक बार फिर डर का माहौल बन गया है। तीन बच्चों की मौत के बाद अभी भी दो बच्चे गंभीर हालत में बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। जिला अस्पताल में बुखार से पीड़ित 20 बच्चों का इलाज जारी है। दो गंभीर हालत में बीकानेर भर्ती है। लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या ने क्षेत्र के लोगों में डर का माहौल बना दिया है।

स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमण की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए लगातार स्क्रीनिंग और सैंपल कलेक्शन का कार्य जारी रखा है। विभाग द्वारा यह भी जानकारी दी गई है कि शिक्षा विभाग ने जिला मुख्यालय के करीब 10 सरकारी स्कूलों में बुखार, खांसी, जुकाम और गले में दर्द से पीड़ित करीब 60 बच्चों की पहचान की है। सभी बच्चों को घर पर रहकर आराम करने की सलाह दी गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने जिला मुख्यालय के सघन क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वे कार्य शुरू कर दिया है। इस सर्वे में संक्रमित मरीजों के आंकड़े जुटाए जा रहे हैं और उन्हें परामर्श लेने के लिए स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए समझाया जा जा रहा है।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें, क्योंकि यह एक सामान्य मौसमी बीमारी है, बशर्ते मरीज लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि यदि किसी को बुखार, खांसी, जुकाम, गला दर्द, बदन दर्द या सांस लेने में तकलीफ हो, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे भीड़-भाड़ वाले स्थानों में जाने से बचें और अगर जाना पड़े तो मास्क का उपयोग अवश्य करें।

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य निदेशालय जयपुर से भी हनुमानगढ़ जिले को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों में एक्टिव, पैसिव और लैब सर्विलांस के तहत घर-घर जाकर सर्वे करने, मरीजों का तुरंत सही इलाज देने, सैंपल कलेक्शन करने, दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मास्क और पीपीई किट उपलब्ध रखने और अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड, आईसीयू और वेंटिलेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही मरीजों की संख्या और स्थिति के संबंध में रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के आदेश भी दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह भी कहा गया है कि यदि लोग सही समय पर इलाज कराते हैं और सुरक्षा उपायों का पालन करते हैं, तो इस संक्रमण पर काबू पाया जा सकता है।

# बीकानेर में धर्मांतरण के शक में दो युवकों से मारपीट की

## मकान से आ रही प्रार्थना की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों ने मकान को घेरा, धार्मिक साहित्य मिले

■ आरोप है कि ये लोग गरीब तबके के लोगों को बहलाकर धर्म परिवर्तन करवा रहे थे

■ सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से 6-7 लोगों को डिटेन किया, सभा में तेलंगाना से आए लोग भी थे

**बीकानेर,** (निसं)। धर्मांतरण के शक में लोगों ने दो युवकों से जमकर मारपीट कर दी। मकान से आ रही प्रार्थना की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों ने मकान को घेर लिया। लोगों को बाहर निकाल कर धर्मांतरण करवा रहे युवक का सिर फोड़ दिया। आरोप था कि ये लोग गरीब तबके के लोगों को बहलाकर धर्म परिवर्तन करवा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से 6-7 लोगों को डिटेन किया है। मौके से धार्मिक साहित्य भी जब्त किया गया है। सभा में तेलंगाना से आए लोग भी थे।

सीओ सिटी श्रवण के अनुसार, हिन्दू संगठनों को सूचना मिली थी की यहां धर्म परिवर्तन का काम चल रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचे तो यहां पर गरीब तबके के लोग यहां आए हुए थे। यहां से कुछ धार्मिक साहित्य भी मिला है। यहां पहुंचे लोगों से मालूम किया तो पता किया चला कि यहां प्रार्थना सभा चल रही थी। जानकारी मिली है कि बिना किसी अनुमति के यहां सभा की जा रही थी। यहां हिन्दू संगठन पहुंचे और सभा रुकवाई, जो भी रिपोर्ट मिलेगी उसके अनुसार कार्रवाई करेंगे।

विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि किराए पर चल रहे इस घर में पिछले कुछ दिनों से गतिविधियां चल रही थी। जिसे आसपास के लोग संदिग्ध मान रहे थे। मोहल्ले वालों से हमने कहा था कि अगर ऐसी सूचना आए तो हमें सूचित करना। आज मोहल्ले वालों ने इस घर को घेर लिया और हमें सूचना दी। कमरे के अंदर धार्मिक साहित्य बिखरा हुआ था और प्रार्थना की आवाजें बाहर आ रही थी। अनिल शर्मा ने बताया कि यहां गरीब तबके के लोगों की बीमारियां ठीक करने का झूठा दावा किया जा रहा था। किसी को कैंसर की बीमारी थी तो कोई पैर से चल नहीं पा रहा था। यहां मौजूद लोग नोखा, नागौर और तेलंगाना से आए हुए थे। इन्हें सबको बहला फुसला कर यहां लाया गया था। यहां पुरुष, महिलाएं और बच्चे यहां मौजूद थे। इनमें से कुछ असाध्य रोगों से पीड़ित थे। यहां काफी समय से बाहरी लोगों का आना-जाना था। अनिल शर्मा ने आरोप लगाया कि 20-25 हजार रुपए का लालच देकर लोगों को बुलाया जाता है, फिर उनका धर्म परिवर्तन करवाया जाता है।

पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक दस्तावेज और अन्य सामग्री जब्त कर ली है। मौके से धर्म विशेष का साहित्य भी मिला है। जिसे सीज कर लिया गया है। मौके पर मौजूद लोगों को मुक्ता प्रसाद थाने ले जाया गया जहां उनसे पूछता जारी है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है। वहीं मकान में मौजूद रामपुरा निवासी हरिपाल ने बताया कि हम यहां भगवान की प्रार्थना कर रहे थे। इतने में 6-7 लोग घर में घुस आए। वो हमें मारने के इरादे से आए थे। सरिये और एंगल से हमला कर दिया।

# 10 टन स्क्रैप खुर्द-बुर्द करने का फरार आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

## 13 महीने से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने 13 महीने पुराने धोखाधड़ीपूर्वक 10 टन स्क्रेप को खुर्द-बुर्द करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि गुमानपुरा इलाके में धोखे से 10 टन स्क्रेप के माल को खुर्द-बुर्द करने के मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के निर्देशन में गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मामले में 13 महीने से फरारी काट रहे आरोपी बखोपी रोड़ भवानीगढ़ जिला संगरूर निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी (37) को पंजाब से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया। पकड़े गये आरोपी से माल बरामदगी हेतु पूछताछ जारी है।

गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि 25 जनवरी 2024 को फरियादी आशिक अली ने थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा कि वह रेलवे से स्क्रेप स्टील व आयरन खरीद कर अन्य इन्डस्ट्रीज को बेचता है। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि 18.360 किलोग्राम स्क्रेप स्टील व आयरन दशमेश रोड कैरियर एण्ड ट्रांसपोर्ट कंपनी के ट्रक मे लोड करवाकर ट्रक चालक हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी से भिजवाया। ट्रक चालक ने 18.360 किलोग्राम माल मे से 8.960 किलोग्राम माल तो डिलीवर कर दिया, लेकिन बाकि बचा हुआ शेष माल 9.420 किलोग्राम स्केप को खुर्द-बुर्द कर फरार हो गया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान करते हुए आरोपी हरप्रित को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया।

# सड़क हादसे में एक की मौत

**सरवाड़,** (निसं.)। अजमेर-कोटा राजमार्ग पर लगातार हादसे बढ़ते जा रहे है। मगर इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं रविवार को शोकलियां के पास सड़क हादसे में मारुति वैन ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों चपेट में लिया। हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायलों को एंबुलेंस की सहायता से नसीराबाद चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां पर रास्ते में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल है। सराना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल हुए युवकों को नसीराबाद चिकित्सालय पहुंचाया। जानकारी के अनुसार तीनों युवक हिगतडा निवासी है। राजू/प्रहलाद बैरवा निवासी हिगतडा ने दम तोड़ दिया व दो गंभीर रूप से घायल युवक हरिराम प्रजापत व रोडू बैरवा को अजमेर रैफर किया गया।

# किसानों ने पानी की मांग को लेकर जाम किया

**अनूपगढ़,** (निसं)। सिंचाई के पानी की मांग को लेकर किसानों ने नेशनल हाइवे नंबर 911 पर गांव 13 एमडी में स्थित टोल नाके पर चक्का जाम कर रखा है। सरकार द्वारा सिंचाई पानी नहीं देने से किसानों में आक्रोश बढ़ गया है। रविवार सुबह गांव सतरना के पास आक्रोशित किसानों ने पुलिस की गाड़ी को भी रोक लिया और किसानों ने पुलिस प्रशासन को गाड़ी के शीशे तोड़ने की धमकी दी। वहीं किसानों ने नेशनल हाईवे पर से निकलने वाले रास्तों को भी बंद करना शुरू कर दिया है।

चक्का जाम के दूसरे दिन रविवार सुबह करीब 10:30 बजे गांव सतरना के पास से नेशनल हाइवे पर पुलिस की गाड़ी गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान किसानों ने पुलिस की गाड़ी को रोक लिया और किसानों ने पुलिस की गाड़ी को वापिस जाने के लिए कहा। गाड़ी को वापिस नहीं ले जाने पर किसानों ने गाड़ी के शीशे तोड़ने की धमकी दी। वहीं किसानों को आक्रोशित होता देख मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों ने गाड़ी को वापिस मोड़ लिया।

किसान नेता सुनील गोदारा ने बताया कि किसान लगातार सिंचाई पानी की मांग कर रहे हैं मगर सरकार किसानों की जायज मांग को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि सिंचाई पानी की मांग को लेकर आज चक्का जाम के दूसरे दिन गांवों से नेशनल हाइवे पर आने वाले ग्रामीण रास्तों को भी किसानों के द्वारा बंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव सतराना सहित अन्य रास्तों को भी किसानों के द्वारा बंद करना शुरू कर दिया गया है।

प्रशासन ने किसान नेताओं से समझाइश की उनकी मांग को सरकार तक भिजवाया जा रहा है। मगर किसान नेताओं ने कहा कि जब तक उन्हें सिंचाई पानी नहीं मिल जाता उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# घर में घुसकर तोड़फोड़ और फायरिंग मामला : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंचा पीड़ित

■ पीड़ित ने स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता और अपनी जान के खतरे का हवाला दिया

■ एक फरवरी की मध्यरात्रि को हमलावरों ने पीड़ित के घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट की और फायरिंग की

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। महियांवली निवासी इंद्राज खान ने एक फरवरी को उनके व उनके परिवार के ऊपर हुए जानलेवा हमले पर अभी तक अपराधियों के गिरफ्तारी नहीं होने के कारण राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में याचिका दाखिल की है। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता और अपनी जान के खतरे का हवाला देते हुए मामले की गंभीरता को लेकर आयोग से त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

पीड़ित के अनुसार गत एक फरवरी की मध्यरात्रि को हमलावरों में शामिल रजत पुत्र चोटू खान, प्रिंस पुत्र सुनील मालिया, युवराज पुत्र सुनील मालिया, सबीर उर्फ मोनू पुत्र पृथ्वीराज, सीमा देवी पत्नी छोटू खान और अमन पुत्री सीमा देवी ने इंद्राज खान के घर में घुसकर उनके परिवार के साथ मारपीट की और और घर में खड़ी कार और मोटरसाइकिल के साथ तोड़फोड़ की। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी रजत के हाथ में पिस्टल थी और उसने हवा में फायरिंग की। प्रिंस और युवराज लोहे की छड़ों से इंद्राज की कार और पास की मोटरसाइकिल को नुकसान पहुंचाते हुए तोड़फोड़ करते रहे। सबीर उर्फ मोनू ने भी इंद्राज की कार को क्षतिग्रस्त किया। हमलावरों ने इंद्राज के पिता पर लोहे की छड़ी से हमला कर गंभीर चोटें पहुँचाईं। हमलावरों के भय से इंद्राज और उनका परिवार पड़ोसी के घर में शरण लेने के लिए मजबूर हो गया।

परिवादी का कहना है कि हमलावरों ने जाते समय उसके व उसके परिवार और उनके रिश्तेदारों को खुलेआम जान से मारने की धमकी दी। घटना के अगले दिन, दो फरवरी को पीड़ित ने स्थानीय चुनावट थाना में मामला दर्ज कराया। जिसमें हमलावरों पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। परिवादी ने आयोग को बताया कि उस पर लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही है और केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित ने कहा कि घटना के 14 दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही पुलिस ने कोई ठोस कदम उठाए हैं।

शिकायतकर्ता इंद्राज खान ने आरोप लगाया है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद भी स्थानीय पुलिस ने कोई महत्वपूर्ण कार्रवाई नहीं की है। हमलावरों की न तो गिरफ्तारी की गई है और न ही मामले की गंभीरता को लेकर कोई प्रभावी जांच की गई है। आरोपी पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं, जिससे इंद्राज खान और उनके परिवार के लिए खतरा और बढ़ गया है। पीड़ित का कहना है कि उनका कार, जो कि उसकी आजीविका का एकमात्र जरिया था, उसे भी अपराधियों द्वारा तोड़ दिया गया है।

पीड़ित परिवार ने राजस्थान पुलिस महानिदेशक, उत्कल रंजन साहू और बीकानेर आईजी ओमप्रकाश को भी शिकायत की है और सुरक्षा मांगी है। पीड़ित का आरोप है कि सभी हमलावरों को स्थानीय राजनीतिक लोगों का संरक्षण प्राप्त हैं जिसके चलते पुलिस ने अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है और मामले में राजीनामा के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

# नीमकाथाना जिले की बहाली की मांग, धरना जारी

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना जिले को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर रविवार को नगर परिषद नीमकाथाना के वार्ड नं. 05 में जन आंदोलन जारी रहा। धरने पर बैठे आंदोलनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विधायक सुरेश मोदी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने धरने पर बैठे लोगों को माला पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया। धरने में गिरधारी मीणा, झाबर वर्मा, प्रहलादराम मीणा, सुवालाल मीणा, रिछपाल, विकास कुमावत, रामजी मीणा, बद्री प्रसाद कुमावत, रामकरण मीणा, दुलीचन्द कुमावत, जगदीश प्रसाद कुमावत, सोहनलाल वर्मा, सत्यनारायण कुमावत, गणेश कुमावत, ओमप्रकाश जांगिड़, बाबुलाल जांगिड़, जगदीश कुल्हरी, अशोक सिंह शेखावत समेत अनेक स्थानीय लोग शामिल थे। उन्होंने नीमकाथाना जिले को फिर से बहाल करने की अपनी मांग को प्रमुखता से उठाया।

गिरधारी मीणा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने नीमकाथाना जिले को जिस तरह से निरस्त किया है, वह जनविरोधी है और इससे आम जनता में आक्रोश है। विभिन्न राजनीतिक दलों और समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने भी इस मामले में अपनी आवाज उठाई और नीमकाथाना जिले को पुनः बहाल करने के लिए संयुक्त संघर्ष का संकल्प लिया।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

## सायला के मोकणी गांव के पास हादसा हुआ, मुआवजे की मांग को लेकर परिजन धरने पर बैठे

■ प्रशासन ने मौके पर समझाइश की

**सायला,** (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के मोकणी फांटा के पास स्टेट हाइवे पर शनिवार की शाम को एक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता व पुत्र की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सायला निवासी प्रकाश कुमार (45) पुत्र मोहनलाल दवे और उसका पुत्र महावीर (9) बाइक पर सवार होकर मोकणी स्थित वांकल माता मंदिर में पूजा-पाठ कर घर जा रहे थे। इसी दौरान जीवाणा-सायला रोड पर पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप ट्रोला ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार प्रकाश और उसके पुत्र महावीर की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को सायला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया और वाहन को अपने कब्जे में लिया। दूसरे दिन रविवार को परिजनों ने दोनों के शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया और सायला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने धरने पर बैठ गए।

परिजनों ने बताया कि प्रकाश का परिवार गरीब है। प्रकाश मंदिरों में पूजा-पाठ कर घर चलाता था, लेकिन मौत के बाद परिवार का गुजारा चलाना मुश्किल है। जिससे उसकी पत्नी को आंगनबाड़ी केंद्र में नौकरी और एक बेटे को नगर पालिका में नौकरी देने और उचित मुआवजा दिलाने के साथ ही पिकअप चालक पर कठोर कार्रवाई की मांग की। सूचना पर उपखंड अधिकारी सुरजभान विश्नोई तथा थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह चौधरी ने मौके पर पहुंचकर उचित कार्यवाही तथा पीड़ित परिवार को उचित सहायता दिलाने की बात कही, लेकिन परिजनों ने मुख्त सचेतक जोगेश्वर गर्ग से मिलकर वार्ता करने की मांग की। दोपहर डेढ़ बजे मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग धरना स्थल पहुंचे एवं समाजबंधुओं की मांगों को सुनकर नियमानुसार सहायता दिलाने तथा सहयोग करने की बात कही। इसके बाद परिजन तथा समाजबंधु पोस्टमार्टम के लिए सहमत हुए। पुलिस ने मृतक के चाचा की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

मृतक प्रकाश कुमार के छह पुत्र एवं एक पुत्री है, जिसमें से एक पुत्र महावीर की इसी सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। वहीं परिवार में कमाने वाला सिर्फ प्रकाश ही था। रहने के लिए खुद का आशियाना तक नहीं है और परिवार किसी समाजबंधु के घर में निवास कर रहा है। प्रकाश मोकणी स्थित देवासी समाज के वांकल माता मंदिर में पूजा कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

# यात्री का छूटा मोबाइल रेल कर्मी ने सुपुर्द किया

**कोटा,** (निसं)। मंडल में तैनात रेल कर्मचारी अपनी ड्यूटी के साथ कई बार आमजन के हित में प्रशंसनीय सामाजिक सराहनीय कार्य करते है। जिसकी आमजनमानस द्वारा सराहना की जाती है एवं रेलकर्मचारियों को परोपकारी और ईमानदारी पूर्ण कार्य करने के लिए बल मिलता है।

इसी क्रम में शनिवार आगरा से कोटा लौटकर आते समय प्लेटफार्म पर एक यात्री ऋतिक सोनी का मोबाईल कहीं गिर गया था। जिसे एक अन्य यात्री द्वारा प्रधान टिकट संग्राहक कार्यालय कोटा में इस मोबाइल को जमा कराया गया। ड्यूटी पर तैनात उप मुख्य टिकट निरीक्षक दीपक शर्मा द्वारा मोबाईल में संरक्षित नंबरों के आधार पर यात्री से सम्पर्क किया और कार्यालय में बुलाकर उचित प्रक्रिया के साथ मोबाईल सौप दिया गया। यात्री अपना मोबाइल फोन वापस पाकर प्रसन्न हुआ। यात्री ने इस ईमानदारीपूर्ण सराहनीय कार्य के लिए रेल कर्मचारी एवं कोटा रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# गढ़ेपान में बेहोश हुए स्कूली बच्चों से मिले ऊर्जा मंत्री नागर, स्वास्थ्य की जानकारी ली

■ लापरवाही जिस भी स्तर पर हुई है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : ऊर्जा मंत्री नागर

■ गढ़ेपान सीएफसीएल फैक्ट्री प्रबंधकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ

■ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का कहना है कि गढ़ेपान के सरकारी विद्यालय में निकटवर्ती फैक्ट्री से अमोनिया गैस रिसाव होने के मामले में चिंता की कोई बात नहीं है



ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गढ़ेपान के लोगों से मुलाकात की।

**कोटा,** (निसं)। जिले के सीमलिया थाना इलाके के गढ़ेपान फैक्ट्री नजदीक स्कूल और आसपास के लोगों के अचानक तबीयत बिगड़ने की शिकायत आई थी। इनमें से कुछ बेहोश भी हो गए थे। इनमें से अधिकांश को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है लेकिन कुछ को ऑब्जरवेशन के लिए कोटा के अस्पताल में भर्ती किया गया है। इनमें अधिकांश सरकारी स्कूल के बच्चे हैं। इस पूरे मामले में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने फैक्ट्री के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

दूसरी तरफ इस मामले में फैक्ट्री के प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ अमोनिया गैस का रिसाव का आरोप लगा है। साथ ही जनजीवन को खतरे में डालने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा पांचड़ा की झोपड़ियां निवासी खेमचंद ने दर्ज करवाया है। इसमें बताया है कि उसकी मां भूली बाई फैक्ट्री के नजदीक से गुजर रही थी। इस दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। खेमचंद ने अमोनिया गैस के रिसाव का आरोप लगाते हुए गढ़ेपान फैक्ट्री के लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस उपअधीक्षक राजेश ढाका ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर सीएफसीएल के प्लांट हेड अजय ताहिल, अमोनिया प्लांट के जीएम कपिल मित्तल, यूरिया प्लांट के जीएम विपुल माथुर, अमोनिया गैस प्लांट इंचार्ज यू.के. गौतम और सीएफसीएल के एचआर विशाल माथुर एवं शिफ्ट इंचार्ज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अभी मामले का अनुसंधान किया जाएगा और उसके बाद कोई लापरवाही सामने आती है तो गिरफ्तारी की जाएगी।

वहीं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर रविवार को गढ़ेपान में बेहोश हुए स्कूली बच्चों से मिले। उन्होंने परिवार से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके बाद नागर ने ग्रामीणों से भी चर्चा की। वहीं सीएफसीएल पहुंचकर फैक्टरी प्रबन्धन से भी बात की है। सीएमएचओ को बुलाकर भी पीड़ित बच्चों को हर संभव मेडिकल ट्रीटमेंट देने के निर्देश दिए। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है, किसी न किसी स्तर पर लापरवाही हुई है। प्रथमदृष्टया गैस लीकेज की ही संभावना है। लापरवाही जिस भी स्तर पर हुई है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। घटना को लेकर जिला कलेक्टर ने जांच कमेटी बनाई है। हमें जांच रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। यदि इसके बाद में जरूर हुई तो उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से बात करने पर उन्होंने बताया है कि पहले भी कई बार गांव के खेतों में फसलें जलने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। अब इसको लेकर कोई पुख्ता नीति बनाकर यह सुनिश्चित किया जाएगा की घटना की किसी भी हालत में पुनरावृत्ति ना हो। इसको लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। यह सुखद है कि मामले में कोई जनहानि नहीं हुई और ईश्वर की कृपा से सभी बच्चे सुरक्षित हैं। मंत्री नागर ने कहा कि प्रबंधन से मिलकर पॉल्यूशन मैनेज करने की व्यवस्था के बारे में चर्चा की है। वहीं फसलों को बचाने के लिए विशेष पैकेज जारी हो इसके बारे में भी प्रबंधन को कहा गया है। केमिकल इफेक्ट से प्रभावित फसलों का इंश्योरेंस कर इसका प्रीमियम फैक्ट्री प्रबंधन भरे इसके लिए प्रयास करेंगे।

पूरे मामले में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का कहना है कि गढ़ेपान के सरकारी विद्यालय में निकटवर्ती फैक्ट्री से अमोनिया गैस रिसाव होने के मामले में चिंता की कोई बात नहीं है। इसमें 16 बच्चे गैस से प्रभावित हुए थे जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से अधिकांश को छुट्टी दे दी गई है केवल 9 बच्चे जिनमें 8 लड़कियां व एक लड़का कोटा के सरकारी अस्पताल में भर्ती है। गैस के प्रभाव में आने वाले व्यक्ति को 48 घंटे ऑब्जर्वेशन में रखा जाता है इसलिए बच्चों को वहां रखा गया है। शिक्षा विभाग पूरी तरह से पीड़ित बच्चों के अभिभावकों के साथ है और हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की क्षेत्रीय अधिकारी योग्यता सिंह का कहना है कि वह 48 घंटे की मॉनिटरिंग पूरे एरिया की कर रही है। नियमों के मुताबिक मापदंडों के अनुसार जांच की जा रही है।

सीएफसीएल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया जा रहा है कि इस घटना की सम्बंधित अधिकारियों से सघन जांच करवा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। चंबल फर्टिलाइजर्स का कारखाना उच्चतम सुरक्षा और पर्यावरणीय अनुपालन मानकों से संचालित होता है। यह संयंत्र अत्याधुनिक ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम और संकेतकों से सुसज्जित है जो परिसर में किसी भी गैस रिसाव का तुरंत पता लगाते हैं। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में, चंबल फर्टिलाइजर्स सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ की देखभाल में पूर्ण सहयोग कर रहा है।

# 500 अस्थाई श्रमिक आपूर्ति की आड़ में 68.40 लाख रुपए का घपला?

## हैरिटेज नगर निगम जयपुर ने वर्ष 2022 में दिया था फर्म आर. एस. बी. सिक्युरिटीज को ठेका

**जयपुर।** हैरिटेज नगर निगम जयपुर में 500 अस्थाई श्रमिक आपूर्ति की आड़ में 68 लाख 40 हजार रुपए का घपला करने का मामला सामने आया है। वर्ष 2022 में निगम प्रशासन ने फर्म आर.एस.बी. सिक्युरिटीज को ठेका दिया था, उसने कर्मचारियों को 30 दिन के बजाय मात्र 26 दिन का ही भुगतान किया। 500 कर्मचारियों की हर महीने 4 दिन के हिसाब से सालभर में 24 हजार हाजिरी दिवस का भुगतान नहीं किया, जो कि प्रतिदिन 285 रुपए के हिसाब से 68.40 लाख रुपए बनता है।

यह आरोप जयपुर नगर निगम के पूर्व चेयरमैन कैलाश चंद्र महावर ने इस कंपनी पर लगाए है। उन्होंने नगर निगम के अफसरों पर भी कंपनी से गठजोड़ का आरोप लगाया गया है। कैलाश महावर का कहना है कि, इस कंपनी द्वारा की गई धांधलीबाजी के बावजूद भी नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा के अफसरों ने उसे कार्य संतोषजनक होने का प्रमाण पत्र दे दिया। जबकि तत्कालीन महापौर मुनेश गुर्जर ने इस मामले की जांच के आदेश दिए थे। परन्तु अफसरों ने यह पूरा मामला दबा दिया।

कैलाश महावर ने गत 5 फरवरी को इस पूरे मामले की शिकायत भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, एसीबी महानिदेशक और हेरिटेज नगर निगम कमिश्नर को दी है।

इस पत्र में उन्होंने साफ लिखा है कि, अस्थाई श्रमिक आपूर्ति फर्म आर.एस.बी. सिक्युरिटीज ने वर्ष 2022 में




500 कर्मचारी हेरिटेज नगर निगम प्रशासन को उपलब्ध करवाए थे। इन श्रमिकों को प्रतिदिन के हिसाब से 285 रुपए मजदूरी देनी थी। परन्तु कंपनी ने श्रमिकों को हर महीने 30 दिन के बजाय 26 दिन का भुगतान किया। उनके चार दिन का भुगतान रोकते हुए यह झांसा दिया गया कि ठेका समाप्ति पर यह 4 दिन का पैसा बोनस के रूप में उनके खाते में डाल दिया जाएगा।

इस प्रकार इस कंपनी ने प्रत्येक कर्मचारी को साल भर में 48 दिवस का पैसा कम दिया। यानी कि कुल 500 कर्मचारियों की 24 हजार हाजिरी दिवस का भुगतान नहीं किया, जो कि 285 रु. प्रतिदिन के हिसाब से 68.40 लाख रुपए होती है। इसके साथ ही कर्मचारियों का पीएफ और ईएसआई का पैसा भी जमा नहीं करवाया गया।

हैरानी की बात यह है कि, इस फर्म का कार्य असंतोषजनक होने के बावजूद भी नगर निगम के स्वास्थ्य शाखा के अफसरों ने मिलीभगत करते हुए ठेकेदार को संतोषजनक कार्य का प्रमाण पत्र जारी कर

- **पूर्व चेयरमैन कैलाश महावर ने आरोप लगाया है कि फर्म ने कर्मचारियों को 30 दिन के बजाय मात्र 26 दिन का वेतन दिया, पीएफ़ और ईएसआई का पैसा भी जमा नहीं करवाया**
- **महावर का आरोप है कि इस कंपनी द्वारा घफलेबाजी करने के बाद भी निगम प्रशासन ने उसे संतोषजनक कार्य का प्रमाण पत्र दे दिया, जबकि पूर्व महापौर मुनेश गुर्जर ने इस प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे**

दिया, जो कि खुला भ्रष्टाचार है। यह पूरा कारनामा इसलिए किया गया है कि, 5 फरवरी 2025 को हेरिटेज नगर निगम ने अकुशल श्रमिक आपूर्ति की एक और निविदा जारी की है। यह फर्म इस टेंडर में भाग ले सके, इसलिए ये पूरा खेल हुआ है। अगर नगर निगम प्रशासन इस टेंडर में शामिल होने वाली सभी फर्मो से ईएसआई और पीएफ की कर झुकता की संपूर्ण जानकारी ले लेवे तो भविष्य में कर्मचारियों का आर्थिक शोषण नहीं हो सकेगा।

## सार-समाचार

### पति की मौत के बाद अनजान महिला ने उठाए इंश्योरेंस के पैसे

**जयपुर।** सदर थाना इलाके में एक अनजान महिला के पत्नी बनकर युवक के इंश्योरेंस का क्लेम उठा लिया। मृतक की पत्नी को इस बात का पता चला तो महिला के बारे में जानकारी जुटाई। पता चला कि क्लेम उठाने वाली महिला ने इससे पहले कोटा के कोर्ट में खुद को पत्नी व बच्चों को हकदार बताकर प्रॉपर्टी में हिस्सा भी मांगा है। आरोप है कि फेक डॉक्यूमेंट से महिला सांठ-गांठ कर इंश्योरेंस क्लेम के साथ प्रोपर्टी हड़पने की साजिश कर रही है। मृतका की पत्नी ने कोर्ट के आदेश से मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि कोटा के लोको कॉलोनी निवासी नर्बदा बाई (36) ने मामला दर्ज करवाया कि करीब 30 साल पहले 6 साल की उम्र में उसकी शादी विनोद कुमार से हुई थी। शादी के बाद एक बेटे का जन्म हुआ। वह अपने पति व बेटे के साथ रहती थी। बिजनेस के सिलसिले में महीनों तक पति विनोद कुमार कोटा से बाहर जाते रहते थे। पढ़ी-लिखी नहीं होने के कारण वह घर पर रहकर बेटे की देखरेख करती थी। 10 फरवरी 2009 में उसके पति विनोद कुमार की बस्सी इलाके में रोड एक्सीडेंट में डेथ हो गई थी। अगले दिन 11 फरवरी को सूचना मिलने पर कॉलोनीवासियों के साथ जाकर परिवारजन जयपुर जाकर पति के शव को कोटा ले आए। बेटे राहुल के हाथों से विनोद के शव का अंतिम क्रियाकर्म किया गया। पति की मौत के बाद वह अपने बेटे के पालन-पोषण में लग गई। पति विनोद कुमार के पिता माधोलाल थे। इनकी विनोद से पहले ही मौत हो चुकी थी। पिता माधोलाल व माता शांति बाई के विनोद, ताराबाई, प्रेम बाई व शीला बाई चार भाई-बहन थे। इसमें से पति विनोद व उनकी बहन ताराबाई की मौत हो चुकी है। विनोद कुमार के पिता माधोलाल की मौत के बाद उनकी पत्नी शांति बाई ने झगडू प्रसाद से दूसरी शादी कर ली थी। दूसरे पति झगडू प्रसाद से शांति बाई के दो बच्चे भूपेन्द्र कुमार व रेखा थीं। इसमें रेखा की भी मौत हो चुकी है। झगडू प्रसाद की संपति में उनके बेटे भूपेन्द्र इकलौता वारिस रह गया। देवर भूपेन्द्र ने मृतक विनोद की पत्नी नर्बदा बाई को बताया कि एक अज्ञात महिला ने खुद को विनोद का पत्नी बताकर झगडू प्रसाद की सम्पति में हिस्सा मांगा है। पता करने पर 12 दिसम्बर 2017 में डीजे कोर्ट में महिला ने खुद व अपनी बेटा-बेटी को पार्टी बनाकर भूपेन्द्र कुमार के खिलाफ मकान विभाजन बनाए जाने का प्रार्थना-पत्र कोर्ट में पेश किया। वर्तमान में मुकदमा कोर्ट में केस चल रहा है। इस बारे में पता चलने पर नर्बदा देवी ने जयपुर में जानकारी जुटाना शुरू किया। पता चला कि महिला ने खुद को विनोद कुमार की पत्नी घोषित किया हुआ है। विनोद कुमार के पिता का नाम झगडू प्रसाद बताते हुए जयपुर में विनोद कुमार का एक्सीडेंट क्लेम फर्जी पत्नी बनकर उठा लिया है, वह क्लेम रकम लेने की अधिकारी नहीं थी। आरोप है कि फर्जी तरीके से पत्नी बनकर क्लेम पास कराने में पुलिसकर्मी, आस-पड़ोसी व देवी की ओर से झूठे डॉक्यूमेंट तैयार करवाए गए है। मृतक विनोद कुमार की कोई सम्पति नहीं होते हुए भी सांठ-गांठ कर हड़पने की साजिश कर रही है।

### पर्स छीनने वाले गिरोह का बदमाश पकड़ा

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टंगडी लगाकर पर्स छीनने वाले गिरोह के एक बदमाश को पकडा है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि भागते हुए गिरने से आरोपित को पैर टूट गया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टंगडी लगाकर पर्स छीनने वाले गिरोह के शातिर बदमाश फैजान निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस मामले में फरार चल रहे आरोपी आबिद भगौन और रेहान की तलाश की जा रही है।

### थार सवार बदमाशों ने फैलाया आतंक

**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में काली थार सवार बदमाशों ने उत्पात मचाया। थार सवार कुछ बदमाशों द्वारा बाइक पर जा रहे एक कपल का पीछा कर उनके साथअभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने पहले युवती पर फब्तियां कसीं और फिर उनकी बाइक के आगे गाड़ी रोककर युवक से मारपीट की। मामला देर रात धनवंतरी अस्पताल के बाहर का है। यहां पर थार सवार बदमाशों ने एक बाइक सवार कपल के साथ अभद्रता की।

## अत्याधुनिक मार्केटिंग टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया

**जयपुर।** भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपना अत्याधुनिक मार्केटिंग टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है, जो एलआईसी के प्रोजेक्ट डाइव, एक महत्वाकांक्षी डिजिटल परिवर्तन पहल, में पहला बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। यह लॉन्च, बीमा उद्योग में वैश्विक डिजिटल चैंपियन बनने की दिशा में एलआईसी के पहले कदम का प्रतिनिधित्व करता है, जो अभूतपूर्व पैमाने पर कस्टमर एंगेजमेंट में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए विश्व स्तरीय तकनीक पर कार्य करता है।

भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ तथा एमडी सिद्धार्थ महान्ति ने कहा प्लेटफॉर्म के लॉन्व के साथ, एलआईसी ने डिजिटल परिवर्तन की अपनी साहसिक नई यात्रा पर पहली छलांग लगाई है, जो बीमा क्षेत्र में कस्टमर एंगेजमेंट को फिर से परिभाषित करेगी। यह पहल पॉलिसीधारकों, संभावित ठााहकों और एजेंटों के साथ सहज और व्यक्तिगत तरीके से जुड़ने की हमारी क्षमता को मजबूत करती है। केवल एक तकनीकी उन्नयन से कहीं अधिक है यह एक रणनीतिक बदलाव है, जो एलआईसी को डिजिटल बीमा नवाचार में एक वैश्विक अधिनायक के रूप में स्थापित करता है। प्रोजेक्ट भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण का एक प्रमाण है, और हम नए उद्योग मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्लेटफ़ॉर्म एक बुद्धिमान, बहु-चैनल जुड़ाव क्षमता पेश करता है, जो को हमेशा चलने वाले अत्याधिक निजी अभियानों को चलाने में सक्षम बनाता है, जो ठााहक अनुभव को सुखद बनाता है और व्यवसाय विकास को बढ़ावा देता है।

## हैरिटेज निगम के 250 पार्क तीन जोन में होंगे विभाजित : अरुण हसीजा

**जयपुर।** नगर निगम हैरिटेज आयुक्त अरुण हसीजा ने रविवार को निगम क्षेत्र के पार्कों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकतर पार्कों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ मिली। वहीं कुछ पार्कों में एक ही डस्टबिन होने पर आयुक्त ने उपायुक्त उद्यान मोनिका सोनी को प्रत्येक पार्क में गीला और सूखा कचरा के लिए दो डस्टबिन रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान आयुक्त अरुण हसीजा ने संत कंवर राम पार्क, दीन दयाल उपाध्याय पार्क, माधो सिंह पार्क, कलेक्ट्री सर्कल आदि पार्कों का निरीक्षण किया। कुछ पार्कों में स्वच्छता स्लोगन नहीं मिलने और गंदगी मिलने पर आयुक्त अरुण हसीजा ने नाराजगी भी जाहिर की और तुरंत सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

इस दौरान आयुक्त अरुण हसीजा ने बताया कि हेरिटेज निगम क्षेत्र में 250 पार्क चिन्हित है। ऐसे सभी पार्कों में व्यवस्था सुदृढ़ हों, इसके लिए क्रमशः 100,100 और 50 पार्कों को अलग अलग जोन में बांटा जाएगा। साथ ही अब से हर महीने सभी पार्कों का भौतिक निरीक्षण भी अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा। जिससे कि पार्कों में किए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया जा सकें। इस दौरान हेरिटेज निगम उद्यान अधीक्षक छाजू राम सहित अन्य निगम अधिकारी भी मौजूद रहे।

- **हैरिटेज निगम आयुक्त ने संत कंवर राम पार्क, दीन दयाल उपाध्याय पार्क, माधो सिंह पार्क और कलेक्ट्री सर्कल पार्क का निरीक्षण किया**

जयपुर। कोटखावदा थाना इलाके में पडौसी दो युवकों द्वारा नाबालिग लड़की से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पड़ोसी दो भाइयों ने अकेला पाकर नाबालिग लड़की से जबरदस्ती की। विरोध करने पर मुंह कपड़े से बांधकर बंद कर दिया।

पुलिस ने बताया कि कोटखावदा के रहने वाले व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी नाबालिग बेटी के साथ पड़ोसी दो भाइयों ने गैंगरेप किया है। आरोप है कि उनकी नाबालिग बेटी को अकेला पाकर आरोपी पड़ोसी दोनों भाइयों ने पकड़ लिया। दोनों भाइयों ने बारी-बारी से नाबालिग लड़की के साथ रेप किया।

## नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम सेवक की नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है,जो सवा साल से फरार चल रहा था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार बुडानिया ने बताया कि बिदायंका थाना पुलिस ने ग्राम सेवक की नौकरी लगाने के नाम पर ठगी मामले में फरार चल रहे दिनेश कुमार निवासी हरियाणा को गिरफ्तार किया है। जो बिंदायका थाने में 13 दिसम्बर 2023 में दर्ज हुए मामले में फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपित काफी शातिर किस्म का व्यक्ति है और जो गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली में अपनी छुपा कर रहा था। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में सुरेश नेहरा निवासी बिदायंका को गिरफ्तार कर चुकी है।

# 'अपने भीतर के सूर्य को जगाओ, सूरज तुम्हे जगाने आए उससे पहले जागृत हो जाओ'

## गुलाबी नगरी में दिव्य भक्ति सत्संग में विजामि प्रमुख सुधांशु जी महाराज का अमृत संदेश

**जयपुर।** देश के जाने-माने अध्यात्मवेत्ता और विश्व जागृति मिशन (विजामि) के संस्थापक आचार्य सुधांशु जी महाराज ने कहा कि प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त और अमृत वेला में दैवीय शक्तियां पूर ब्रह्मांड में अपना प्रभाव दिखाने लगती है।

सुबह 3 बजकर 40 मिनट से शुरू होने वाले इस अमृत काल में जागकर हम स्वास्थ्य, सफलता और प्रगति की जो भी कामना करते है, वे अवश्य फलीभूत होती है। उन्होंने कहा कि उषाकाल में जागना हमारी संस्कृति है, ऐसा करके दूरदृष्टा व्यक्ति अमृत वेला में प्रभु के चरणों से जुड़कर इस संसार में आने के अपने लक्ष्य को साध सकते है। विजामि प्रमुख और महान आध्यात्मिक संत सुधांशु जी महाराज ने रविवार को गुलाबी नगरी जयपुर में जवाहर नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के तक्षिशला ऑडिटोरियम में जयपुर मंडल की ओर से आयोजित दिव्य भक्ति सत्संग के प्रातः कालीन सत्र में श्रद्धालुओं को गुरु और ईश्वरीय कृपा से जीवन में सफलता, आध्यात्मिक प्रगति और व्यक्तित्व विकास के गुर सिखाते हुए यह अमृत संदेश दिया। परम श्रद्धेय सदगुरुदेव सुधांशु जी महाराज ने कहा कि इस मायावी संसार से दूर रहकर अपने सनातन धर्म को जानने और समझने से ही आगे जीवन में सफलता मिलेगी। उन्होंने अपने भीतर सूरज को जगाने और सूर्योदय से पूर्व जागने की सलाह देते हुए कहा कि प्रतिदिन सूरज तुम्हें जगाने के लिए आए, उससे पहले ही जागृत हो जाने की आदत डालो। गुरुवर ने उदाहरण देते हुए कहा कि पूरे संसार के सभी सफल लोगों में प्रातः कालीन वेला में जागने का एक गुण है, जब तक दूसरे लोग जागते है, वे अपने कई महत्वपूर्ण काम पूरे करके जीवन की दौड़ में बहुत आगे निकल जाते है।

- **अध्यात्मवेत्ता सुधांशु जी महाराज ने कहा व्यथा को व्यवस्था हरती है, जीवन को व्यवस्थित, अनुशासित और नियंत्रित बनाए**

पूज्य महाराज श्री ने कहा विशांति और आनन्द से भरपूर जीवन शैली से ही लम्बे समय तक सफल व्यक्ति के रूप में कामयाबी के शिखर पर टिके रहा जा सकता है।

उन्होंने अपने विचारों में पवित्रता और मन में शांति तथा आनंद को जीवन का हिस्सा बनाने को कहा। उन्होंने प्रातः कालीन समय को बहुत ही महत्वपूर्ण बताते खुद को तरोताजा करके भगवान की कृपा से पवित्र करके नई ऊर्जा के साथ एक जीवन जीने की सीख देते हुए कहा कि दुनिया के मालिक से अपना सम्बन्ध जोड़ लेने से उनकी कृपा अवश्य प्राप्त होती है। दुनिया में दया, प्यार, सहानुभूति खत्म हो रही है। हमें कृत्रिम और बनावटी जीवन जीने से बचना चाहिए, यह नकलीपन जीवन में अशांति को जन्म देता है। वास्तविकता और यथार्थ से जुड़े रहने से जीवन में शांति मिलती है, पूरी दुनिया व्यवहार में शांति चाहती है।

आचार्यवर ने वैदिक रीति-नीति से पूजा पद्धित की सरल व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान स्वयं अपने बच्चों को कहते है, सुनो मेरे अमृत पुत्रों। और जब भक्त वैदिक तरीके से पूजा करते है तो ईश्वर से यह प्रार्थना करते है कि अमृत ही मेरा बिछौना है और अमृत ही मुझे ओढ़ना है। विजामि प्रमुख ने कहा कि जीवन में अमृत उनके हिस्से में आता है, जिनके जीवन में अनुशासन है, चमकते वहीं है जो अपने आपको नियंत्रित करना जानते है और सफलता के शिखर पर लम्बे समय तक टिकेंगे वहीं जो मर्यादा में रहते है। उन्होंने वैदिक पूजा, ध्यान और साधना के तरीके बताते हुए नित्योहं, अमृतम, शाश्वतं, निरंजनोहं, शुद्धोहं और बुद्धोहं के बारे में सूक्ष्म चर्चा करते हुए जीवन में अमृत वचन और अमृत कर्म से हर क्षेत्र में अलौकिक आनंद और आध्यात्मिक प्रगति के गूढ़ रहस्य साझा किए। उन्होंने कहा कि हम अमृत प्राप्ति के लिए ही दुनिया में आए है, सभी को इसके लिए भरपूर चेष्टा करनी चाहिए। विश्व जागृति मिशन जयपुर मण्डल के प्रधान मदन लाल अग्रवाल जी ने बताया कि तक्षिशला ऑडिटोरियम में एक दिवसीय भक्ति सत्संग में भारी संख्या में भक्तों एवं सत्संग प्रेमी पूज्य महाराजश्री जी द्वारा दिए जा रहे अमृत सन्देश को ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने गुरुदेव के सानिध्य में अगली बार जयपुर में चार दिवसीय विराट भक्ति सत्संग महोत्सव का आयोजन करने के लिए सभी भक्तों को संकल्पित करते हुए यह जानकारी दी।

## नई सड़क दो महीने में ही उखड़ी, पुरानी अभी तक कायम, रोड कट किया था रिपेयर

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के इंजीनियर मुख्यमंत्री भजनलाल के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर के मानसरोवल जोन 8 में इतनी कमजोर सड़कें बना रहे है कि दो महीने में ही बिखर रही है। इन सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। यह सड़क मेंटीनेंस के नाम पर बनाई जा रही है।

इसका नमूना मानसरोवर में नजर आया जब रामपुरा रोड मुहाना मंडी से जयसिंहपुरा की तरफ जाती है। सीवर लाइन डालने के बाद बनी इन सड़कों की हालत यह हो गई है कि यह सड़क एक बरसात भी नहीं झेल सकती। मानसरोवर में जोन 8 नगर में कई जगह सड़क पूरी उधड़ गई है। जोन 8 में भी बनी सड़कों की हालत खराब है। इनका काम पायोनियर कंस्ट्रक्शन ने किया था। कई जगह तो सड़कों की क्वालिटी इस कदर खराब है कि बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। इनसे वाहन चालक स्पीड़ में होने के कारण उछल कर गिर रहे हैं। आए दिन वाहन चालकों को दुर्धटना का शिकार होना पड़ रहा है।

- **अध्यात्मवेत्ता सुधांशु जी महाराज ने कहा व्यथा को व्यवस्था हरती है, जीवन को व्यवस्थित, अनुशासित और नियंत्रित बनाए**

सड़क बनाने में इस कदर खामियां छोड़ी हुई है कि नई सड़क दो महीने में ही टूट रही है जबकि पुरानी सड़क अभी तक मजबूत है। सड़क बनाने के लिए ढंग से खुदाई भी नहीं हुई। सड़क ऊपर तक रोड लेवल से ऊपर आ गई है। इससे सड़क का पूरा मेजरमेंट और अलायमेंट बिखर गया है। रोडी कंक्रीट में डामर 3 प्रतिशत से भी कम है और मोटाई 18 से 20 एमएम आ रही है। सड़कों की गुणवत्ता को लेकर जेडीए ने थर्ड पार्टी से भी इंस्पेक्शन भी नहीं कराया है। इंडियन रोड कांग्रेस के नियमों के अनुसार सड़क बननी चाहिए थी लेकिन इन सभी नियमों को दरकिनार कर दिया गया है। एमएनआईटी के एक्सपर्ट के मुताबिक सड़क बनाने के लिए पहले डेढ़ फीट की खुदाई होनी चाहिए। उसके बाद मिट्टी में पानी डाल कर उसे जमाना चाहिए। उसके बाद जीएसबी डब्लूएमएम डाल कर पानी का छिड़काव कर मोरम को जमाना चाहिए। उसका लेवल भी सड़क से नीचे होता है। उसके बाद डीबीएम और बिटुमिन कंक्रीट डाली जाती है। इसकी मोटाई भी 90 एमएम और 40 एमएम होनी आवश्यक है। इन दोनों नियमों की सड़के बनाने में पालना नहीं हो रही है। खांमियों भरी यह रोड बनने के बाद यह रोड पूरी तरह सफेद हो गई है। इसके साथ की पुरानी ग़ेड अभी तक मजबूत है। नई रोड के सफेद होने का कारण खराब डामर का इस्तेमाल करना है। डामर भी पूी मात्रा में नहीं डाली गई। सड़क में डामर की मात्रा बीसी में 4.5 एमएम और डीबीएम में 90 एमएम होना चाहिए लेकिन यहां जगह मिल नहीं पाती है।

## किराए पर गाड़ी लेकर चुराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चौपहिया वाहन (क्रेटा कार) चुरा कर भागने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चौपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चौपहिया वाहन (क्रेटा कार) का जीपीएस बंद कर ले जाने के मामले में मनमोहन शर्मा और अंकुश शर्मा को गिरफ्तार किया है और दोनों ही आरोपी रोहतक हरियाणा के रहने वाले है। थानाधिकारी श्याम सुन्दर ने बताया कि परिवादी वेद प्रकाश ने मामला दर्ज करवाया था कि वह अपनी वाणिज्यिक कार क्रेटा एक ऑथोराइज्ड कम्पनी अल्टीमेट पर्सनल कार रेंटल प्राइवेट लिमिटेड में अटैच करके किराये पर देता है। गत 29 जनवरी 2025 को उसे एक ऑनलाइन बुकिंग प्राप्त हुई। यह बुकिंग कॉल पर आई गाड़ी को अच्छी तरह चेक करके उनके बताए अनुसार निरवाना होम होटल पर ड्राइवर के साथ कार तथा कम्पनी समझौते के लिए बांड देकर भेजा। वही ड्राईवर करण सिंह ने गाडी के सम्बन्धित फॉम भरवाकर ड्राईविंग लाईसेन्स आधार कार्ड तथा पैन कार्ड की हार्ड कॉपी वेरीफाई करके उनकी गाड़ी नंबर प्लेट के साथ फोटो लेकर निरवाना होम होटल में गाड़ी सुपुर्द की ।

गाड़ी दो दिन के लिये 8 हजार में तय करके सुपुर्द की दो दिन पश्चात ग्राहक ने कार लगा जीपीएस हटा दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में करते हुए आरोपियों को चिन्हित किया और फिर पकडा।

## भक्तों ने खेलीं फूलों की होली

**जयपुर।** श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा आयोजित विभिन्न देवालयों के फागोत्सव के क्रम में आज मंदिर श्री प्रेमभाया सरकार, श्री हरियुगल विहार चंदलाई, शिवदासपुरा, टोंक रोड पर श्री प्रेमभाया सरकार के फागोत्सव मनाया गया जिसमें श्री प्रेमभाया सरकार के नयनाभिराम श्रृंगार किया गया रंग बिरंगे रंगों से दरबार सजाया गया। फागोत्सव सांय प्रारंभ हुआ जिसमें दीपक शर्मा ने पाछां सै मटकी फोड़ी छाने से गागर तोड़ी या काहे की होरी कानूडा.. अभिषेक साहू ने सांवरिया आओ जी, सजीली चितवन में , आंसू भर ल्यावो जी, रसीली चितवन में.. पुनीत खण्डेलवाल ने बांसुरिया बजी रंग राधा सजी, रंग मोहन को रसिया बनाया.... के साथ अन्य भक्तों ने ढूंढाड़ी भक्त कवि युगलजी महाराज की रचित फाग लीलाओं रचनाओं से भक्ति रस बरसाया । इस अवसर पर भक्तों ने भव्य फूलों की होली खेली।

## नौ कुंडीय महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने अर्पित की आहुतियां

**जयपुर ।** घर घर में यज्ञ के माध्यम से संस्कारों की अलख जगाने और पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। चार पारियों में तीन सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां प्रदान की। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की गायत्री कचोलिया और गायत्री तोमर और दिनेश भारद्वाज की टोली ने यज्ञ संपन्न कराया।

ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने प्रारंभ में आराध्य देव गोविंद देवजी, वेदमाता गायत्री और गुरू सत्ता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर यज्ञ का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय व्यापारिक कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी, सदस्य सुभाष गोयल,पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के चेयरमैन राहुल द्विवेदी, मंदिर श्री नृसिंह जी अग्रवाल पंचायत समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार ओमवीर भार्गव बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंदिर प्रबंधन और गायत्री परिवार की ओर से सभी का अभिनंदन किया गया। आचार्य पीठ से गायत्री कचोलिया ने कहा कि भगवान को भोग लगाने का वैदिक मध्य यज्ञ को बताया गया है । इसलिए प्रतिदिन बलिवैश्व यज्ञ के माध्यम से पांच ग्रास की आहुतियां भगवान ब्रह्मा, देवता, ऋषियों, महापुरुषों और पितरों को देनी चाहिए। पुराने समय से चली आ रही चूल्हे की अग्नि को बाहर निकाल कर रोटी के पांच छोटे-छोटे टुकड़े कर भोग लगाने की परंपरा आज फिर से जागृत करने की जरूरत है। बाजार से तांबे की कटोरी लाकर गैस चूल्हे पर रख कर भी बलिवैश्व यज्ञ किया जा सकता है।

## कृषि विपणन में भारतीय मानकों की भूमिका अहम : राजन विशाल

**जयपुर।** आारतीय मानक ब्यूरो, राजस्थान की ओर से पंत कृषि भवन में कृषि विपणन विभाग और कृषि विपणन बोर्ड, राजस्थान के राज्य स्तरीय अधिकारियों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजन विशाल (आईएएस) शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी, राजस्थान सरकार ने की। उन्होंने कहा कि कृषि विपणन क्षेत्र में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने भारतीय मानको के अनुरूप कृषि विपणन संबंधी गतिविधिया करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में राजेश कुमार चौहान, निदेशक, कृषि विपणन विभाग एवं प्रशासक, कृषि विपणन बोर्ड ने कहा कि कृषि विपणन के क्षेत्र में विश्वस्तरीय उत्पादों और सेवाओं का मुकाबला करने के लिए हमें मानकीकरण और गुणवत्ता संवर्धन के साझा प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम को रमन कुमार त्रिवेदी, संयुक्त निदेशक, बीआईएस राजस्थान, जयपुर शाखा ने भी संबोधित किया।

## हमीद खान के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज के 51 लोगों ने ली सदस्यता

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के कुशल नेतृत्व और प्रयासों का असर साफ नजर आ रहा है। उनकी मेहनत और भाजपा की सर्वसमावेशी नीतियों से प्रभावित होकर आज अल्पसंख्यक समाज के 51 लोगों ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित इस विशेष समारोह में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर विधिवत रूप भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में उमर पठान, अब्दुल शरीफ, रोशन अली, हसन अली, आरिफ खान, फारूख खान, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद मोहसीन, सरफराज खान, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद समीर, मोहम्मद शाहरूख, सलमान खान, मोहम्मद सद्दाम, साहिल खान, फारूख गौड़ सहित अन्य अल्पसंख्यक समाज के लोग शामिल रहे।

अल्पसखं्यक मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा की नीतियों से प्रेरित होकर अल्पसंख्यक समाज के लोग तेजी से भाजपा से जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर कार्य कर रही है जो पार्टी की नीतियों और विचारधारा की जीत को दर्शाता है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री पिकेंश पोरवाल, महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल, प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह-कार्यालय प्रभारी भवानी शंकर शर्मा और रजनीश चनाना भी उपस्थित रहे।

# 'एक वर्ष में किए गए कार्य एक ट्रेलर हैं, विकास की पूरी पिक्चर अभी बाकी'

## राजनौता में एमडीआर रोड का उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिलान्यास किया

**पावटा, (निसं)।** प्रदेश के समग्र विकास को नई गति देने के राज्य सरकार के संकल्प के तहत रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने तहसील पावटा के राजनौता में राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बजट घोषणा 2024-25 के तहत एमडीआर रोड़ (एमडीआर-228) का शिलान्यास किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद जयपुर ग्रामीण राव राजेंद्र सिंह, विधायक विराटनगर कुलदीप धनखड़ एवं बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का स्वागत किया।**

■ **गत वर्ष के बजट की तरह आगामी बजट भी करेगा जनाकांक्षाओं को पूरा : उपमुख्यमंत्री**

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास हेतु संकल्पबद्ध है। सरकार हर व्यक्ति को सभी मूलभूत सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि गत वर्ष मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने ऐतिहासिक बजट प्रदेश को दिया था और आगामी बजट भी जनाकांक्षाओं को पूरा करने वाला रहेगा। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से एमडीआर सड़क की मांग को राज्य सरकार ने बजट घोषणा 2024-25 के माध्यम से पूर्ण किया जिसे अब मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में राज्य सरकार द्वारा किए गए कल्याणकारी कार्य महज एक ट्रेलर है, विकास की पूरी पिक्चर अभी बाकी हैं। गत वर्ष के बजट की तरह आगामी बजट भी जनाकांक्षाओं को पूरा करने वाला रहेगा। उन्होंने जनसभा में आए आमजन विशेषकर मातृ शक्ति का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने रामजल सेतु परियोजना (संशोधित ईआरसीपी) के माध्यम से राजस्थान के कई जिलों में सिंचाई और पेयजल की समस्या दूर करने की दिशा में विभिन्न कार्यों को शुरू किया है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सांसद जयपुर ग्रामीण राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य, सड़क सहित अन्य क्षेत्रों में अनेक सौगातें प्रदेश को देकर प्रदेश के समग्र विकास के लिए कार्य किया हैं।

कार्यक्रम में विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने क्षेत्र को एमडीआर रोड़ की सौगात देने और बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एमडीआर रोड़ के 45 करोड़ से 30 कि.मी. के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाईकरण से आमजन को यातायात में आ रही समस्या से राहत मिलेगी एवं गांव की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। उन्होंने क्षेत्र वासियों की ओर से उपमुख्यमंत्री और मंत्री के समक्ष राजनौता उप तहसील सहित विभिन्न मांगों को रखा।

उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्वागत द्वार पर जेसीबी द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया एवं मंच पर जनप्रतिनिधियों द्वारा तलवार, साफा, चुनरी, पुष्पगुच्छ, मोमेंटो, शॉल एवं पुष्प माला द्वारा अभिवादन व स्वागत किया गया। कार्यक्रम में युवा नेता एवं जनप्रतिनिधि देवायुष सिंह, आशीष धनखड़, पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत, कोटपुतली दक्षिण भोनावास मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अदाली, प्रमोद सैनी त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष एवं महेश कुमार यादव बाणगंगा मंडल अध्यक्ष, विकास शर्मा विराटनगर मंडल अध्यक्ष, पावटा उपप्रधान राजेंद्र सिंह सहित भाजपा पदधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नोखा में जिला परिषद उपचुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद हिंसक झड़प

## उपद्रवियों ने विजयी प्रत्याशी के काफिले पर पथराव भी किया, 50 से ज्यादा लोगों पर मामला दर्ज

**नोखा, (निसं)।** जिले के नोखा में जिला परिषद उपचुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद हिंसक झड़प हो गई। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात पुलिस बल के साथ उपद्रवियों ने न केवल धक्का-मुक्की की, बल्कि विजयी प्रत्याशी आयुष भादू के काफिले पर पथराव भी किया।

■ **कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात पुलिस बल के साथ उपद्रवियों ने धक्का-मुक्की की**

नोखा के कार्यवाहक थानाधिकारी सुरेश भादू की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना दोपहर लगभग तीन बजे की है। जब भाजपा से विजयी प्रत्याशी आयुष भादू अपने समर्थकों के साथ गांव कुदसू में अपने घर लौट रहे थे, तभी लगभग 50-60 लोगों की भीड़ ने पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में गाड़ियों के शीशे टूट गए और अफरा-तफरी मच गई। मामले में जयप्रकाश डायरेक्टर नामक व्यक्ति ने पहले ही धमकी दी थी कि वह विजयी प्रत्याशी की गाड़ियां गांव से नहीं निकलने देगा। हमले के दौरान उसने अपने साथियों को उकसाते हुए कहा कि इनके हाथ-पैर तोड़ दो। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना में पुलिस ने कई आरोपियों को नामजद किया है, जिनमें बाबूलाल, रामकुमार, बनवारीलाल, जयप्रकाश डायरेक्टर, फूलाराम, रामनिवास, शिवराज, विकास, सहीराम, सुनील भादू, रविंद्र, रविंद्र करीर, रामकुमार भादू और भगवानाराम समेत 30-40 अन्य लोग शामिल थे। हारे हुए प्रत्याशी संपत भादू और ओमप्रकाश भादू ने भी अपनी गाड़ियां विजयी प्रत्याशी के काफिले के सामने खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध करने का प्रयास किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने, पुलिस बल पर हमला करने और कानून व्यवस्था भंग करने का मामला दर्ज किया है।

घटना की सूचना मिलने पर सीओ नोखा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर भेजा। देशनोक और पांचू थानों की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने पत्थरबाजी में शामिल ओमप्रकाश, बनवारीलाल, बाबूलाल, संपत, रामनिवास, रविंद्र, ईमीलाल और अनिल को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार बीकानेर जिला परिषद के वार्ड नंबर 8 में उपचुनाव की मतगणना शनिवार को संपन्न हुई। भाजपा प्रत्याशी आयुष भादू 1,945 मतों से विजयी घोषित हुए। उनकी जीत का जश्न मनाने के लिए समर्थकों ने बीकानेर से नोखा होते हुए गांव कुदसू तक विजय जुलूस निकाला। जैसे ही विजय जुलूस गांव में पहुंचा, विपक्षी गुट ने विरोध करना शुरू कर दिया और देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। अचानक पथराव शुरू हो गया, जिससे भगदड़ मच गई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने गांव को छावनी में तब्दील कर दिया और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया। नोखा सीओ हिमांशु शर्मा के अनुसार, अब तक आठ लोगों को हिरासत में लिया गया है और गांव में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# फर्जी हस्ताक्षर से खाद्य सुरक्षा लाइसेंस जारी करवाने के दो आरोपी गिरफ्तार

## सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का किया इस्तेमाल

**बून्दी (निसं)।** बूंदी पुलिस ने सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का इस्तेमाल कर कुटरचित अनापत्ति प्रमाण पत्र से खाद्य सुरक्षा लाइसेंस प्राप्त करने का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने अपनी ए-वन चिकन और मीट शॉप के लिए खाद्य सुरक्षा लाइसेंस हेतु पंचायत के लेटरहेड पर फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का इस्तेमाल कर 5 जनवरी 2024 को अनापत्ति प्रमाण पत्र तैयार कर उसे ऑनलाइन जमा करवाया था।

दबलाना थानाधिकारी तेजपाल सैनी ने बताया कि 19 जनवरी 2024 को अणदगंज ग्राम पंचायत के सरपंच मुकेश कुमावत ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय सीएमएचओं बून्दी ने अवगत करवाया कि सयद पुत्र अशरफ जाति देशवाली निवासी अलोद द्वारा अपनी ए-वन चिकन व मिट शोप की खाद्य सुरक्षा लाइसेंस के लिए आवेदन किया है, जिसमे आपके कार्यालय से किसी प्रकार की अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जिस पर जानकारी करने पर पता चला कि उक्त सैय्यद द्वारा ग्राम पंचायत के लेटर पेड पर सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी की मोहरे लगाकर व उन पर दोनो के फर्जी हस्ताक्षर कर एक अनापत्ति प्रमाण पत्र 5 जनवरी को तैयार कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को ऑनलाइन प्रेषित किया है।

थानाधिकारी तेजपाल सैनी ने बताया कि मामले में विवादित दस्तावेज का एफएसल परीक्षण करवाए जाने पर उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र कुटरचित व फर्जी हस्ताक्षर वाला होना पाया गया। जिस पर उक्त आवेदक आरोपी सैयद पुत्र अशरफ जाति देशवली निवासी अलोद तथा कार्य मे सहयोगी रहे मयुर पुत्र ईनाम जाति देशवाली निवासी डाबला गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दुर्लभ ग्रुप के डोनर्स का रक्तदान शिविर लगाया

**कोटा, (निसं)।** टीम जीवन दाता द्वारा निरंतर लोगों की मदद की जा रही है और उन्हें समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान समय में कोटा, बूंदी और बारां जिलों में निरंतर दुर्लभ ग्रुप की कमी देखने को मिल रही थी, जिसमें ए नेगेटिव, बी नेगेटिव, एबी नेगेटिव, एबी पॉजिटिव के डोनर्स की जरूरत महसूस की जा रही थी और निरंतर इन्हीं ग्रुपों की डिमांड आ रही थी, ऐसे में टीम जीवनदाता द्वारा ऐसे ग्रुप के डोनर्स को कॉल करके अपना ब्लड सेंटर तलवंडी बुलाया गया और रक्तदान करवाया गया। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि रक्तदान से रक्तदाता का मान बढ़ ता है, वहीं किसी को जीवन दान मिलता है। यह कार्य निरंतर करना चाहिए, इस कार्य से ना केवल समाज में प्रतिष्ठा बढ़ ती है, बल्कि जरूरतमंद के जीवन को बचाने की पहल भी होती है।

# खेलते-खेलते दूसरी मंजिल से गिरी तीन साल की बच्ची

## बच्ची के सिर में गंभीर चोटें आई, करीब 50 सेकेंड तक वह गली में ही पड़ी रही

**पाली, (नि.सं.)।** पाली के कोतवाली इलाके के नवलखा रोड क्षेत्र में खेलते-खेलते तीन साल की बच्ची दूसरी मंजिल की बालकनी से सीधे नीचे आ गिरी। उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। करीब 50 सेकेंड तक वह गली में ही पड़ी रही। इसी बीच गली से गुजर रहे बाइक सवार ने बच्ची को देखा। इसकी जानकारी मिलते ही घर-परिवार में चीख-पुकार मच गई।

■ **रेडक्रॉस एंबुलेंस ड्राइवर सिकंदर खान ने बच्ची की जान की बचाने के लिए 37 मिनट में 70 किमी सफर तय कर एम्स हॉस्पिटल में भर्ती करवाया**

बच्ची के रिश्तेदार जावेद जिलानी ने बताया कि मेरे रिश्तेदार इरफान खान कोतवाली थाना इलाके के नवलखा रोड स्थित बस्ती में रहते हैं। शनिवार शाम करीब पांच बजे इरफान की बेटी जैनम घर की दूसरी मंजिल पर बालकनी में खेल रही थी। परिवार के लोग काम में लगे थे। बच्ची की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। खेल-खेल में वह बालकनी की रेलिंग के बीच से गली में आकर गिरी। गली से गुजर रहे बाइक सवार फारूख ने बच्ची को गली में बेहोश पड़ा देखा। उन्होंने उसे गोद में उठाया। इसकी जानकारी उन्होंने जैनम के परिवार वालों को दी। बच्ची को फौरन बांगड़ हॉस्पिटल ले जाया गया। बच्ची के सिर में गंभीर अंदरूनी चोट लगी। एक हाथ भी फ्रैक्चर हुआ है।

डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर हालत में जोधपुर एम्स रेफर कर दिया। एम्स में उसके सिर के ऑपरेशन की तैयारी है। बच्ची के गिरने की घटना पड़ोस के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जैनम के गिरने के बाद उसके शरीर में हरकत नहीं हुई है। मकान में दूसरी मंजिल पर इरफान (जैनम के पिता) और उसका भाई अपने-अपने परिवार के साथ रहते हैं। ठाउंड फ्लोर पर इरफान के चाचा रहते हैं। जैनम के पिता कपड़ा फैक्ट्री में कारीगर हैं। घटना के वक्त इरफान काम पर गए हुए थे। घर में मां और बुआ थीं। बड़ा भाई (10) घर से बाहर गया हुआ था। पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार जावेद जिलानी ने बताया- बच्ची के गिरने का किसी को पता नहीं चला।

गजब की बात यह रही कि रेडक्रॉस एंबुलेंस ड्राइवर सिकंदर खान ने बच्ची की जान की बचाने के लिए 37 मिनट में 70 किलोमीटर का सफर तय कर बच्ची को एम्स हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। इस बहादुर ड्राइवर ने बच्ची की जान बचाने के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर बच्ची का जोधपुर एम्स में उपचार शुरू करवाया।

# लेकसिटी की जेनब को "विजिनरी वुमेन" अवॉर्ड से सम्मानित किया

**उदयपुर, (निसं)।** लेकसिटी की जेनब को चेन्नई में आयोजित समारोह में 'विजिनरी वुमेन' (दूरदर्शी महिला) अवार्ड से सम्मानित किया गया है। राजस्थान में यह अवार्ड प्राप्त करने वाली वह एकमात्र महिला थी। उनको यह सम्मान 'इंस्पायरिंग कंस्लटेंट' के रूप में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न देशों के करीब 100 महिलाएं जो महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है और अपने व्यापार के द्वारा उन्होंने अपने आपको स्थापित किया है उन्हें सम्मानित दिया गया।

■ **राजस्थान से यह अवार्ड प्राप्त करने वाली वह एकमात्र महिला है**

जेनब केजार सनवाड़वाला ने बताया कि यह अवार्ड सेरेमनी चेन्नई के डीडीजीडी कॉलेज में 15 फरवरी को आयोजित हुई। वीडो 'वुमेन इंटरप्रेनोरशिप डवलपमेंट आर्गेनाइजेश' की ओर से यह सम्मान उन्हें प्रदान किया गया। 'इंस्पायरिंग कस्टलटेंट' अवार्ड श्रेणी में उन्हें उनके चार्टर्ड एकाउंटेंट के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यो व इस क्षेत्र में लोगों को किस तरह आगे बढ़ाया जा सकता है आदि पर जेनब द्वारा किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया। राजस्थान से वह अकेली महिला है जिन्हें यह सम्मान मिला।

विदेश देशों में मलेशिया, यूएई व श्रीलंका व देश के मुंबई, चैन्नई, बैंगलौर, हैदराबाद से भी अवार्डी इसमें शामिल हुए। उदयपुर की जेनब करीब 12 वर्षों से चार्टर्ड एकाउंटेंट के क्षेत्र में कार्यरत है। जेनब ने बताया कि आज के जीवन में महिलाओं को सशक्त होना जरूरी है और महिला सशक्तिकरण के तहत उन्होंने 'डीकेसी' कंपनी बनाई जिसके 12 राज्यों में 15 कार्यालय है।

## हादसे में फर्नीचर मिस्त्री की मौत

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** कालियां के निकट हुए एक हादसे में साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई की रिपोर्ट पर बस के चालक पर लापरवाही और तेज गति से बस चलाने और गैर इरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। ड्यूटी अधिकारी एएसआई राजकुमार अरोड़ा ने बताया कि कोठा निवासी सतनाम सिंह पुत्र प्रीतम सिंह रामगढिया की मौत हो गई। सतनामसिंह रोज श्रीगंगानगर में फर्नीचर का काम करके वापस अपने गांव साइकिल पर चला जाता था। शुक्रवार शाम को तीन पुली से कालियां की ओर जाते पीछे से श्रीगंगानगर से हिंदुमलकोट जा रही इसी रूट की बस ने साइकिल को टक्कर मार दी।

# फर्जी दस्तावेज से मकान बेचा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** विज्ञान नगर पुलिस टीम ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर मकान बेचने के मामले मे 3 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया।

विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि फरियादी अंतिम कुमार ने रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में फरियादी ने कहा था कि किसी ओर के मकान को अपना बताकर फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचाननामा तैयार कर उससे 3 लाख 50 हजार रूपये हड़प लिये। थानाधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर मामले की जांच की गई और मामले मे कार्यवाही करते हुए पूर्व में धोखाधड़ी के तीन सह-आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी प्रेम नगर द्वितीय निवासी सतवीर गुर्जर (30) को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट में सामने आया था कि रफ्तार अहमद ने रेलवे कॉलोनी स्थित महाराणा प्रताप रेजिडेंसी के मकान नम्बर 191 जो कृपाशंकर के नाम से है। रफ्तार अहमद ने रविकुमार के साथ मिलकर जाली दस्तावेज तैयार किये और फरियादी से उक्त मकान को 13 लाख 50 हजार रूपये मे बेचान किये जाने का इकरनामा तैयार कर 3 लाख 50 हजार रूपये साई पेटे प्राप्त कर धोखाधड़ी की। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में जांच में सामने आया कि 2 दिसम्बर 2023 को लोकेन्द्र सिंह राजावत ने उक्त मकान की फाईल फोटो कॉपी व रविकुमार की आधार कार्ड की फोटो कॉपी व फोटो लेकर रफ्तार अहमद से मिले जिस पर रफ्तार अहमद खान व लोकेन्द्र सिंह राजावत ने मिलकर उक्त मकान के रविकुमार के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार किये। थानाधिकारी ने बताया कि मुख्य आरोपी सतवीर गुर्जर ने फरियादी को उक्त मकान रवि कुमार का बताकर 13 लाख 50 हजार रूपये मे बेचान किये जाने का इकरनामा तैयार कर 3 लाख 50 हजार रूपये साईपेटे प्राप्त कर धोखाधड़ी की।

# भगत की कोठी स्टेशन पर मेगा ब्लॉक के कारण अगले हफ्ते 46 ट्रेनें रद्द रहेगी

**जोधपुर, (कासं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर भगत की कोठी यार्ड में तकनीकी कार्य हेतु नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिए जाने के कारण 22 से 26 फरवरी के बीच 46 प्रमुख ट्रेनें रद्द रहेगी। जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि भगत की कोठी रेलवे स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य हेतु नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है जिसके कारण 46 ट्रेनें दो-तीन ट्रिप के लिए रद्द रहेगी।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्य के कारण ट्रेन 22483/22484, जोधपुर-गांधीधाम-जोधपुर एक्सप्रेस जोधपुर से 22 व 24 तथा गांधीधाम से 23 व 25 फरवरी, ट्रेन 14807/14808, जोधपुर-दादर-जोधपुर एक्सप्रेस जोधपुर से 23 व 25 तथा दादर से 24 व 26 फरवरी, ट्रेन 20483/20484, भगत की कोठी-दादर-भगत की कोठी एक्सप्रेस भगत की कोठी से 24 तथा दादर से 25 फरवरी, ट्रेन 20489/20490, बाड़मेर-मथुरा-बाड़मेर एक्सप्रेस बाड़मेर से 22 व 23 तथा मथुरा से 23 व 24 फरवरी को रद्द रहेगी। इसी तरह ट्रेन 74843/74844, जैसलमेर-भगत की कोठी-जैसलमेर डेमो जैसलमेर से 23 से 25 फरवरी तथा भगत की कोठी से 22 से 24 फरवरी, ट्रेन20485/20486, जोधपुर-साबरमती-जोधपुर सुपरफास्ट जोधपुर से 23 से 25 तथा साबरमती से 25 से 27 फरवरी, ट्रेन 20492/20491, साबरमती-जैसलमेर-साबरमती सुपरफास्ट साबरमती से 23 से 25 तथा जैसलमेर से 24 से 26 फरवरी, ट्रेन 14801/14802, जोधपुर-इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस जोधपुर व इंदौर से 23 व 24 फरवरी को रद्द रहेगी। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेन 12465/12466, इंदौर-जोधपुर-इंदौर रणथंबोर सुपरफास्ट इंदौर से 24 व 25 तथा जोधपुर से 22 व 23 फरवरी, ट्रेन 54825/54826, जोधपुर-बिलाड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस जोधपुर से 22 से 24 तथा बिलाड़ा से 23 से 25, ट्रेन 54813/54814, जोधपुर-बाड़मेर-जोधपुर एक्सप्रेस जोधपुर से 23 से 25 तथा बाड़मेर से 22 से 24 फरवरी, ट्रेन 74841/74842, भगत की कोठी-भीलड़ी-भगत की कोठी डेमो 23 व 24 फरवरी तक रद्द रहेगी।

डीआरएम के अनुसार ट्रेन 14895/14896, भगत की कोठी-बाड़मेर-भगत की कोठी एक्सप्रेस भगत की कोठी व बाड़मेर से 23 से 25 फरवरी,ट्रेन 14893/14894, भगत की कोठी-पालनपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस भगत की कोठी से 22 से 24 तथा पालनपुर से 23 से 25 फरवरी, ट्रेन 74839/74840, भगत की कोठी-बाड़मेर-भगत की कोठी डेमो भगत की कोठी से 22 से 25 तथा बाड़मेर से 23 से 26 फरवरी, ट्रेन 14823/14824, जोधपुर-रेवाड़ी-जोधपुर एक्सप्रेस जोधपुर से 24 व 25 तथा रेवाड़ी से 25 व 26 फरवरी को रद्द रहेगी। उपरोक्त कार्य के कारण ट्रेन 14891/14892, जोधपुर-हिसार-जोधपुर एक्सप्रेस जोधपुर से 24 व 25 तथा हिसार से 25 व 26 फरवरी, ट्रेन 14821/14822, जोधपुर-साबरमती-जोधपुर एक्सप्रेस जोधपुर से 22 से 25 तथा साबरमती से 23 से 26 फरवरी, ट्रेन 19226/19225, जम्मूतवी-भगत की कोठी-जम्मूतवी एक्सप्रेस जम्मूतवी से 22 व 23 तथा भगत की कोठी से 24 व 25 फरवरी, ट्रेन 22481/22482, जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर सुपरफास्ट जोधपुर से 24 तथा दिल्ली सराय रोहिल्ला से 25 फरवरी को एक ट्रिप रद्द रहेगी। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेन 12461/12462, जोधपुर-साबरमती-जोधपुर वंदे भारत सुपरफास्ट 24 फरवरी को एक ट्रिप रद्द रहेगी।

# "जालोर महोत्सव": सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं की धूम रही

**जलोर, (कासं)।** पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन व जालोर विकास समिति जालोर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय "जालोर महोत्सव" के दूसरे सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं की धूम रही। वहीं शनिवार रात्रि को विराट कवि सम्मेलन में वीर वीरमदेव की कीर्ति पर ओजस्वी कविता सुनाकर युवाओं में देशभक्ति का जोश भर दिया। वहीं सोमवार को बॉलीवुड नाईट फोक फ्यूजन में सारेगामा फेम सिंगर रिनी चन्द्रा व हनी ट्रोपर गीतों की सुरीली आवाज का जलवा बिखरेंगे।

जालोर महोत्सव के समन्वयक रतन सुथार ने बताया कि तीन दिवसीय जालोर महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नटराज मंच पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे बच्चो ने अपने अभिभावक के साथ मंच पर विभिन्न पोशाकों में प्रस्तुति दी। वहीं समूह नृत्य प्रतियोगिता व समूह गायन प्रतियोगिता सांस्कृतिक समन्वयक रितु टांक, पंकज भारती, सांस्कृतिक प्रभारी महेश भट्ट के निर्देशन में आयोजित हुई। जिसमें



**जालोर महोत्सव में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।**

प्रतिभागियों ने नटराज मंच पर नृत्य व गायन की प्रस्तुति दी। खेलकूद प्रभारी अर्जुनसिंह देलदरी के निर्देशन में स्टेडियम व कॉलेज ग्राउण्ड में बास्केटबाल, कबड्डी, वालीबॉल, सतोलिया, रस्सा कस्सी, खो-खो, बैडमिंटन व रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। रन फॉर जालोर दौड़ का आयोजन रविवार प्रातः 8.30 बजे हनुमानशाला स्कूल जालोर से स्टेडियम प्रागंण तक हुआ। एचपीसीएल के रूपेन्द्र शर्मा व प्रवीण की मौजूदगी में एसडीएम मनोज कुमार व जालोर विकास समिति के सचिव मोहन पाराशर ने हरी झण्डी दिखाकर रन फॉर जालोर दौड़ को रवाना किया। दौड का नेतृत्व अन्तर्राष्ट्रीय वुशू खिलाड़ी हिमानी व छवि चौधरी एवं राष्ट्रीय वुश खिलाड़ी दिव्या चौधरी, विहानराज सक्सेना व कुसुम सुथार ने किया। रन फॉर दौड के जूनियर बॉयज वर्ग में प्रथम हिमांशु, द्वितीय रोहित,

■ **रन फॉर जालोर दौड़ का आयोजन हनुमानशाला स्कूल जालोर से स्टेडियम प्रागंण तक हुआ**

तृतीय कुशाल एवं सीनियर वर्ग में प्रथम मुकेश, द्वितीय भरत व तृतीय नेताराम ने स्थान प्राप्त किया। वही जूनियर गर्ल्स वर्ग में प्रथम हर्शिता, द्वितीय वेशणवी, तृतीय गायत्री तथा सीनियर सिटीजन वर्ग में प्रथम अमराराम, द्वितीय नरेन्द्र व तृतीय व मूक बधिर में प्रथम ललित कुमार व द्वितीय भरत कुमार रहा।

शनिवार रात्रि विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में वीर वीरमदेव की यशस्वी वीर गाथा की कविता सुनाकर युवाओं में जोश भर दिया। कवि सम्मेलन में प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढम, सांसद लुम्बाराम चौधरी, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गांवडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह बोरली उपस्थित रहे।



" हमारे माननीय प्रधानमंत्री का विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है "
- मनसुख मांडविया

संडे ऑन साइकिल की यह पहल फिट जीवन जीने के महत्व को प्रचारित करती है।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## एएम गजनफर

चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद अफगानिस्तानी स्पिनर एएम गजनफर 2025 से भी बाहर हो गए हैं। टीम ने गजनफर की जगह अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब-उर-रहमान को अपने साथ जोड़ा है।

24 साल के मुजीब को मुंबई ने 2 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा है। टीम ने 19 साल के गजनफर को मेगा ऑक्शन में 4.80 करोड़ रुपए में खरीदा था। तब मुजीब अनसोल्ड रहे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, का मौजूदा सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा है। ओपनिंग मैच कोलकाता और बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट खिलाड़ियों की आत्म कथाओं की पुस्तक का सबसे छोटा नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर जहीर अब्बास की पुस्तक का है। इसका शीर्षक जेड है।

## आईपीएम का पहला मैच 22 मार्च को बेंगलुरु-कोलकाता के बीच

### 65 दिन में 74 मुकाबले

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने शाम 5.30 बजे 18वें सीजन का शेड्यूल रिलीज किया। ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच कोलकाता में 22 मार्च को होगा। दूसरा बड़ा मुकाबला 23 मार्च को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच चेन्नई में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

इस बार 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। 18 मई तक लीग स्टेज के 70 मैच होंगे, जिनमें 12 डबल हेडर हैं। यानी 12 बार 1 दिन में 2 मैच खेले जाएंगे। फाइनल 25 मई को कोलकाता में होगा।

हैदराबाद और कोलकाता में प्लेऑफ मैच

में परंपरा रही है कि टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मैच डिफेंडिंग चैंपियन टीम के होमग्राउंड पर खेला जाता है। इस बार भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में यह दोनों मैच होंगे।

फाइनल 25 मई को होगा, कोलकाता में 23 मई को क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा। पिछले सीजन की रनर-अप टीम सनराइजर्स हैदराबाद के होमग्राउंड राजीव गांधी स्टेडियम में भी 2 प्लेऑफ मैच होंगे। यहां 20 मई को क्वालिफायर-1 और 21 मई को एलिमिनेटर खेला जाएगा।

चेन्नई और मुंबई ने सबसे ज्यादा टाइटल जीते भारत का फ्रैंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट है। यह हर साल मार्च से मई के दौरान टी-20 फॉर्मेट में खेला जाता है। इसकी शुरुआत 2008 में 8 टीमों के साथ हुई थी। राजस्थान ने चेन्नई को फाइनल हराकर पहले सीजन का टाइटल जीता था। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने सबसे ज्यादा 5-5 टाइटल जीते हैं। 3 खिताब जीतकर तीसरी सबसे सफल टीम है।

चैंपियंस ट्रॉफी के 12 दिन बाद चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल 9 मार्च को होगा। इसके 12 दिन बाद शुरू होगा। यानी प्लेयर्स को तैयारी के लिए 2 हफ्ते भी ठीक से नहीं मिलेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 19 मार्च से शुरू होगी। टूर्नामेंट पाकिस्तान और दुबई में होना है। भारत का पहला मैच 20 मार्च को बांग्लादेश से है। टीम इंडिया दुबई के लिए रवाना हो चुकी है।



## इंग्लैंड के ओपनर डकेट चैंपियंस ट्रॉफी के लिए फिट

**लंदन।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट अगले सप्ताह पाकिस्तान में शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए फिट हो गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को अहमदाबाद में तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत से मिली करारी हार के दौरान डकेट की कमर के बायें हिस्से में समस्या थी, लेकिन स्कैन से 30 वर्षीय खिलाड़ी की चोट पूरी तरह से ठीक हो गई है। इंग्लैंड मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात से पाकिस्तान की यात्रा करेगा और 22 फरवरी को लाहौर में अपने शुरुआती ठ्रुप गेम में ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा। इंग्लैंड अपने ठ्रुप मैचों में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान से भी खेलेगा।

## चोटिल गजनफर की जगह मुजीब मुंबई में शामिल

**मुंबई।** चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद अफगानिस्तानी स्पिनर एएम गजनफर 2025 से भी बाहर हो गए हैं। टीम ने गजनफर की जगह अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब-उर-रहमान को अपने साथ जोड़ा है। 24 साल के मुजीब को मुंबई ने 2 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा है। टीम ने 19 साल के गजनफर को मेगा ऑक्शन में 4.80 करोड़ रुपए में खरीदा था। तब मुजीब अनसोल्ड रहे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, का मौजूदा सीजन 22 मार्च से शुरू हो रहा है। ओपनिंग मैच कोलकाता और बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। पिछले 4 साल से अनसोल्ड हैं मुजीब मुजीब-उर-रहमान को पिछले चार साल उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला। पिछले साल नवंबर में मेगा ऑक्शन में भी उन्हें किसी टीम में जगह नहीं मिली। मुजीब 2018 से 2021 के बीच का हिस्सा रहे हैं। वे पंजाब किंग्स से तीन और सनराइजर्स हैदराबाद से एक सीजन में खेल चुके हैं। उन्होंने नाम 19 मैचों में 19 विकेट हैं। मुजीब ने 2018 में पंजाब की ओर से 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। 2021 में उन्हें हैदराबाद से सिर्फ एक मैच मिला था। उसमें 29 रन देकर दो विकेट लिए थे।

## टखने में चोट के कारण यशस्वी रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर हुए

**नागपुर** 16 फरवरी। मुम्बई के लिए खेलने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल टखने की चोट के कारण सोमवार से विदर्भ के साथ शुरु हो वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर गये हैं। यशस्वी जायसवाल इस सप्ताहांत प्रशिक्षण के दौरान के बाएं टखने में चोट लग गई थी। वह अब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) बेंगलुरू जाएंगे। मुम्बई टीम की ओर जायसवाल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में लिये जाने के बारे में नहीं बताया गया हैं। भारतीय टेस्ट टीम के नियमित सदस्य जायसवाल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय में पर्दापण किया था। उन्हें विराट कोहली की जगह टीम में शामिल किया था। जायसवाल पहले भारत के शुरूआती चैंपियंस ट्रॉफी टीम में थे। लेकिन आखिर उनकी जगह पर वरूण चक्रवर्ती को टीम में शामिल कर लिया गया। दुबे और जायसवाल को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा गया हैं और जरूरत पड़ने पर वे दुबई की यात्रा कर सकते हैं। इसके बाद जायसवाल मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल खेलने वाले थे। टीम में अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार कुमार, शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर जैसे नामी खिलाड़ी है।

## श्याम लाल कॉलेज और इंदिरा गाँधी इंस्टीट्यूट में होगी खिताबी भिडन्त

**नयी दिल्ली** 16 फरवरी। श्याम लाल कॉलेज और इंदिरा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस के बीच सोमवार को 11वें पदमश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। वहीं महिला वर्ग दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना और इंदिरा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस के बीच खिताबी भिडंत होगी। आज यहां पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में श्याम लाल कॉलेज ने श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को 3-1 से हराया। विजेता के लिए प्रवीण, ललित और नवीन ने एक-एक गोल किया। खालसा कॉलेज की तरफ से तनुज ने गोल किया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के नवीन बिधूड़ी को मिला। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में इंदिरा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस ने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 3-2 से हराया। विजेता के लिए पुलकित, नवीन राठी और गुरमुख ने एक-एक गोल किया। श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की तरफ से इंद्रपाल और विभांशु तिवारी ने एक-एक गोल किया। इंदिरा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस के नवीन राठी को उनके शानदार खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 4-0 से हराया। सोनिका ने दो और मनिता व नीलम ने एक एक गोल किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की सोनिका को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरे सेमीफाइनल में इंदिरा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस ने विवेकानंद कॉलेज को 5-0 से हराया। विजेता के लिए पिंकी और कंचन ने दो-दो और हेमा ने एक गोल किया। इंदिरा गाँधी इंस्टीट्यूट की हेमा को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

## क्रीड़ा परिषद चेयरमैन डॉ. नीरज के पवन ने राजस्थान अंडर 23 वीमेन टीम का होंसला बढ़ाया

**जयपुर, 16 फरवरी।** आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत के अनुसार आरसीए राजस्थान के सभी आयु वर्ग के खिलाडियों व टीमों को बीसीसीआई की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं की पूर्व तैयारियों हेतु अन्य राज्य संघो के टीमों से नियमित अभ्यास मैचों का आयोजन करती है जिससे टीमों को राष्ट्रिय मैचों से पूर्व उच्च स्तरीय परिस्तिथियों में खेलने का अनुभव प्राप्त होता है। उनके अनुसार आज राजस्थान अंडर 23 वीमेन टीम के बड़ौदा में खेले जाने वाले अभ्यास मैचों हेतु प्रस्थान करने से पूर्व क्रीडा परिषद चेयरमैन व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डा नीरज कुमार पवन ने राजस्थान अंडर 23 वीमेन टीम व टीम के सपोर्ट स्टाफ से सवाई मान सिंह स्टेडियम में मुलाकात की व उनका होंसला बढ़ाया। धर्मवीर सिंह के अनुसार इस दौरान क्रीड़ा परिषद चेयरमैन ने राजस्थान की युवा प्रतिभावान महिला खिलाडियों से उनके अनुभव व खेल सुविधाओं के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए उन्हें हर संभव स्तर पर सहायता व उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध करने का आश्वासन दिया।



## राजस्थान फुटबॉल स्कूल ने जयपुर यूनाइटेड फुटबाल क्लब को 2-1 से हराया

**जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में सुबोध स्कूल में जारी आर लीग यूथ अंडर-13 फुटबॉल प्रतियोगिता में को पांच मैच खेले गए। पहले मैच में ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ने रॉयल फुटबॉल क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें 2-1 से मैच ब्रदर्स यूनाइटेड क्लब ने जीत हासिल की। दूसरा मैच राजस्थान फुटबाल स्कूल जयपुर, और जयपुर यूनाईटेड फुटबाल क्लब, के बीच खेला गया जिसमें राजस्थान फुटबॉल स्कूल जयपुर, ने मैच 2-1 से जीत लिया तीसरे मैच में जयपुर बॉयस् एंड गर्लस क्लब जयपुर, ने जयपुर फुटसाल फुटबाल क्लब, को 2-1 के अन्तर से पराजित किया। चौथे मैच में जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब,व रियान फुटबॉल क्लब, के मध्य खेला गया जिसमें जयपुर एलीट फुटबाल क्लब ने 2-1 पराजीत किया। अंतिम मैच में चैंपियन मेकर फुटबॉल क्लब अजमेर, ने एएसएल फुटबाल क्लब जयपुर, को 5-0 से हराया। संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि कुल 90 मैचों में से अब तक 50 मैच हो चुके हैं।



## आखिरी गेंद पर जीती दिल्ली कैपिटल्स

**वडोदरा।** विमेंस प्रीमियर लीग में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। दिल्ली ने आखिरी गेंद पर 2 रन बनाकर मुंबई को 2 विकेट से हराया। 20वें ओवर में टीम ने 10 रन चेज किए।

वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। मुंबई 19.1 ओवर में 164 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। दिल्ली ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। मुंबई से नैटली सिवर ब्रंट ने 80 रन बनाए, लेकिन यह स्कोर उनकी टीम की जीत के लिए काफी नहीं रहा।

मुंबई से हरमनप्रीत ने 3 छक्के लगाए टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई ने पावरप्ले में 2 विकेट गंवाए। यस्तिका भाटिया 11 रन और हेली मैथ्यूज खाता खोले बगैर आउट हो गईं। यहां से हरमनप्रीत कौर ने नेटली सिवर ब्रंट के साथ 77 रन की पार्टनरशिप की। हरमन 22 गेंद पर 42 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने 3 छक्के और 4 चौके लगाए।

सिवर ब्रंट ने फिर एंक एंड पर टिकी रहीं, लेकिन उनके सामने कोई भी बैटर संभल नहीं पाईं। टीम ने 59 रन बनाने में आखिरी 8 विकेट गंवा दिए। सिवर ब्रंट 80 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। टीम ने 19.1 ओवर में 164 रन बनाए। दिल्ली से एनाबेल सदरलैंड ने 3 और शिखा पांडे ने 2 विकेट लिए।

दिल्ली को शेफाली-निकी ने जीत दिलाई 165 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली ने तेज शुरुआत की। शेफाली वर्मा ने महज 18 गेंद पर 43 रन बना दिए। उन्हें हेली मैथ्यूज ने पवेलियन भेजा। उनके बाद मेग लैनिंग 15, जेमिमा रोड्रिग्ज 2, एनाबेल सदरलैंड 13 और एलिस कैप्सी 17 रन बनाकर आउट हो गईं। निकी प्रसाद ने फिर साराह ब्रायस के साथ पारी संभाली। ब्रायस ने 10 गेंद पर 21 रन बनाए।

## ब्रेंडन मैकुलम की टीम भारत से वनडे सीरीज में 3-0 से हार के बाद टूर्नामेंट में उतर रही है

### जानिक सिनर पर तीन महीने का प्रतिबंध

**रोम,** 15 फरवरी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने पिछले साल अपने दो प्रतिबंधित दवाओं के परीक्षण पर विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ समझौता करने के बाद टेनिस से तत्काल तीन महीने का प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 23 वर्षीय इतालवी खिलाडी, जिसने पिछले महीने ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था, को 9 फरवरी से 4 मई तक निलंबित कर दिया गया है। वह वर्ष के अगले ठौंड स्लैम इवेंट, फ्रेंच ओपन में खेलने के लिए पात्र होंगे, जो 19 मई से शुरू होगा। वाडा ने इंटरनेशनल टेनिस इंटीठिटी एजेंसी (आईटीआईए) द्वारा सिनर को निलंबित नहीं करने के 2024 के फैसले पर कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) में अपील की थी। वाडा दो साल तक का प्रतिबंध चाहता था लेकिन शनिवार को उसने कहा कि वह उसके स्पष्टीकरण को स्वीकार करता है कि वह अनजाने में अपने फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा प्रतिबंधित पदार्थ क्लोस्टेबोल से ठासित हो गया था और अब उस पर मुकदमा नहीं चलेगा। संस्था ने स्पष्ट किया कि वह स्वीकार करती है कि तीन बार के ठौंड स्लैम चैंपियन का धोखा देने का इरादा नहीं था, और दवा ने कोई प्रदर्शन-बढ़ाने वाला लाभ नहीं दिया। यह उसकी जानकारी के बिना उसके दल के सदस्यों की लापरवाही के परिणामस्वरूप हुआ। इसमें कहा गया है, हालांकि, कोड के तहत और कैस मिसाल के आधार पर, एक एथलीट दल की लापरवाही के लिए ज़िम्मेदार होता है। इस मामले के तथ्यों के अनूठे सेट के आधार पर, तीन महीने का निलंबन एक उचित परिणाम माना जाता है।

## नावेद की बल्लेबाजी, सार्थक की गेंदबाजी से जयपुर ब्लूज को हराया

जयपुर, 16 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में सबा क्लब ने जयपुर ब्लूज क्लब को 3 विकेट से हराया।

के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में जयपुर ब्ल्यूज क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन बाएं हाथ के गेंदबाज सार्थक त्यागी की घातक गेंदबाजी 43 पर 4 विकेट के कारण 62 रनों पर 6 विकेट गंवा देने के बाद शुभम सिंह पटवाल के 47 रन, कुलदीप खोरानिया के 31 रन, प्रखर शर्मा के नाबाद 21 रन व अर्जुन ऋषि के 13 रनों से 47.2 ओवर में 185 रनों का स्कोर बनाने में सफल हुई।

सबा क्लब के लिए आदित्य वाधवा ने 48 पर 2, आयुष अमरिया ने 8 पर 2, मेहुल सिंह व नावेद खान ने एक- एक विकेट लिया।जवाबी पारी में सबा क्लब मोहम्मद कैफ के 34 रन, अमन खिलजी के 31 रन, नावेद खान के 48 रन नाबाद, मोहम्मद अहमद के 21 रन, मोहम्मद सैफ के नाबाद 18 रनों से 40 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाकर मैच जीत लिया। जयपुर ब्लूज के लिए लखन भारती ने 38 पर, हिमांशु राणा ने 40 पर 3 व सचिन जाट ने 8 पर एक विकेट लिया।




## ऐडेर और कैमफर ने जिम्बाब्वे को 245 के स्कोर पर रोका

**हरारे** 16 फरवरी। मार्क ऐडेर (चार विकेट) और कर्टिस कैमफर (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर आयरलैंड ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में पहले बल्लेबाजी कर रही जिम्बाब्वे को 245 रन के स्कोर पर रोक दिया। आज यहां टॉस जीतकर आयरलैंड ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 38 रन जोड़े। सातवें ओवर में मार्क ऐडेर ने ब्रायन बेनेट(30) को आउटकर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जॉश लिटिल ने कप्तान क्रेठा एर्विन (चार) को बोल्ड कर जिम्ब्बावे को दूसरा झटका दिया। बेन कर्रन(18) को मैकब्राइन बोल्ड किया। इसके बाद वेस्ली मधेवेरे और सिकंदर रजा ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेजों के बीच चौथे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में कर्टिस कैमफर ने वेस्ली मेधेवेरे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। वेस्ली मेधेवेरे ने 70 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (60) रनों की पारी खेली। जोनाथन कैंपबेल (दो) और तडिवनाशे मारुमानी (शून्य) को भी कैमफर ने आउटकर पवेलियन भेज दिया। आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर नहीं टिक सका।

जिम्बाब्वे का सातवां विकेट सिकंदर रजा के रूप में गिरा। उन्हें मार्क ऐडेर ने आउट किया। सिकंदर रजा ने 75 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 58 रन बनाये। ब्लेसिंग मुजरबानी (शून्य) और वेलिंग्टन मसाकाट्जा (35) रन बनाकर आउट हुये। 49वें ओवर में ट्रेवर ग्वांडू (दो) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें मार्क ऐडेर ने बोल्ड आउट किया। इसी के साथ आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को 49 ओवर में 245 के स्कोर पर समेट दिया।

### जयपुर पोलो सीजन 2025

## विमल एरियन अचीवर्स बनी रैफल्स सिरमौर कप की विजेता




**जयपुर,** 16 फरवरी। राजस्थान पोलो क्लब ठााउंड पर रविवार को रैफल्स सिरमौर कप (12 गोल) का फाइनल खेला गया। यह मुकाबला टीम विमल एरियन अचीवर्स और अरावली पोलो के बीच हुआ, जिसमें टीम विमल एरियन अचीवर्स 7-3 के स्कोर से अरावली पोलो को शिकस्त देकर विजेता बनी। टूर्नामेंट में मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (एमवीपी) का खिताब विमल एरियन अचीवर्स से खिलाड़ी बाउटिस्टा पैनेलो ने जीता। इस अवसर पर रैफल्स जयपुर के जनरल मैनेजर, बिन्नी सेबेस्टियन ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस दौरान रैफल्स ठ्रुप से अशोक अभ्यंकर भी उपस्थित रहे।

विजेता टीम विमल एरियन अचीवर्स से बाउटिस्टा पैनेलो ने शानदार 6 गोल कर टीम को विजयी बनाया। खिलाड़ी विश्वरुपे बजाज ने टीम के लिए 1 गोल किया। टीम से खेलने वाले अन्य खिलाड़ियों में अभिमन्यु पाठक और डेनियल ओटामेंडी भी शामिल थे। वहीं, टीम अरावली पोलो की ओर से फ़ेडेरिको बौडौ ने 3 गोल किए। टीम से डीनो धनखड़, कुलदीप सिंह राठौड़ और मनोलो एफ लोरेंटे भी खेले।

## 5वां रोशन लाल नैयर मेमोरियल राजस्थान ओपन टूर्नामेंट

### सरपाल ने सुकुमार को टफ मैच में हराया



**जयपुर,** 16 फरवरी। राजापार्क स्थित सिंह बिलियड्र्स में आयोजित 5वां रोशन लाल नैयर मेमोरियल राजस्थान ओपन टूर्नामेंट में रविवार को खिलाडियों का प्रदर्शन में उलटफेर देखने को मिला। ध्रुपद सरपाल ने सुकुमार को 63-89, 47-58, 62-78 से, सुमित ने मनन को 64-46, 67-34 से, यश शर्मा ने साधन को -63-39, 42-68, 54-18 से, मनीष खत्री ने निपुण-36-67,67-21,74-28 से, अर्पित ने रजत को 38-59, 63-25 57-8 से, हर्षित ने आकाश को 33-49, 68-19, 27-70 से, विशाल ने मनीष टाक को - 53-52, 59-45 से, ओवैस ने हनीश. 70-9, 82-31से, अर्पित बंसल ने विपुल को 52-53, 59-45, 48-4 से हराया।

## मांडविया ने फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल की अगुवाई की

**मुम्बई** 16 फरवरी। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज सुबह ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर लोगों को फिट और स्वस्थ्य जीवन शैली के प्रति जागरुक करने वाले फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यकम की अगुवाई की। रविवार को इस अवसर पर गेटवे ऑफ इंडिया से हरी झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, देश भर से वेलनेस विशेषज्ञ, विभिन्न साइकिल क्लब और व्यक्तिगत फिटनेस उत्साही शामिल हुए 500 से अधिक साइकिल चालक शामिल हुए और साइकिल चलाई। यह साइकिलिंग अभियान सुरम्य मरीन ड्राइव से होते हुए गिरगांव चौपाटी पर समाप्त हुआ। मांडविया ने युवाओं को फिटनेस और स्वास्थ के प्रति जागरूक करते कहा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री का विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब देश के नागरिक फिट हों, क्योंकि फिट लोग राष्ट्र निर्माण में कहीं अधिक योगदान दे सकते हैं। संडे ऑन साइकिल की यह पहल फिट जीवन जीने के महत्व को प्रचारित करने के साथ-साथ शून्य कार्बन फुटप्रिंट वाले परिवहन के साधन का उपयोग करके पर्यावरण के लिए योगदान देने का एक प्रयास है। मैं सभी से, खासकर युवाओं से, जब भी संभव हो, साइकिल का उपयोग करने का आठाह करता हूं। इससे न केवल वे स्वस्थ होंगे, बल्कि इससे हमारे पर्यावरण का समठा स्वास्थ्य भी बेहतर होगा।

# मुख्यमंत्री भजनलाल से स्वामी रामदेव ने मुलाकात की

जयपुर, 16 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर योग गुरु स्वामी रामदेव ने शिष्टाचार भेंट की।

स्वामी रामदेव ने मुख्यमंत्री के साथ राजस्थान में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विकास एवं योग के माध्यम से जन-जन के स्वास्थ्य संवर्धन पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री शर्मा ने स्वामी रामदेव

- **योग गुरु ने मुख्यमंत्री से राजस्थान में आयुर्वेद व योग के विकास पर चर्चा की।**

को राज्य सरकार द्वारा योग को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है। यह हमारे ऋषि मुनियों द्वारा हमें दी गई अमूल्य धरोहर है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में योग पद्धति का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी की पहल और प्रयासों से योग पद्धित को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान मिली है और विश्वभर में प्रति वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।



*योग गुरु स्वामी रामदेव ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राजस्थान में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विकास एवं योग के माध्यम से जन-जन के स्वास्थ्य संवर्धन पर चर्चा की।*

## बाइडन की 180 करोड़ रूपए की फंडिंग को एलन मस्क ने रद्द किया

वाशिंगटन, 16 फरवरी। अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क के नेतृत्व में अमेरिका के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के तहत 1 अरब 80 करोड़ रुपये की फंडिंग को रद्द कर दिया है। इस फंड का इस्तेमाल भारत में वोटर टर्नआउट को प्रभावित करने के लिए किया जाना था। डीओजीई ने इस फंड को रद्द करते हुए कहा कि ये 1 अरब 80 करोड़ रुपये चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ ीकरण के लिए संघ को आवंटित 486 मिलियन के बड़े बजट का हिस्सा थे। इस फंड में 2 अरब 50 करोड़ रुपये बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के लिए निर्धारित किए गए थे। ज्ञातव्य है कि, बांग्लादेश की सत्ता से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाने में अमेरिका का हाथ होने का आरोप लगा था। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था। भाजपा ने अब रद्द की गई फंडिंग को भारत की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप करार देते हुए सवाल उठाए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति की कुर्सी पर बैठते ही अमेरिका ने टैरिफ से लेकर इमिग्रेशन पॉलिसी तक को लेकर कई बड़े निर्णय लिये हैं।

# रेलवे संवेदनशीलता से काम करता तो ऐसी दुखद घटना नहीं होती- राहुल

## दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने विस्तृत जाँच तथा रेल मंत्री के इस्तीफे की माँग की

नई दिल्ली, 16 फरवरी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रयागराज महाकुंभ जा रहे यात्रियों की नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने भगदड़ को रेलवे स्टेशन पर सरकार की बदइंतजामी और लापरवाही का नतीजा बताया और कहा कि रेलवे संवेदनशीलता से काम करता तो इस तरह की दुखद घटना नहीं होती।

उन्होंने कहा यह घटना एक बार फिर रेलवे की नाकामी और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए स्टेशन पर बेहतर इंतजाम किए जाने चाहिए थे। सरकार और प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि बदइंतजामी और लापरवाही के कारण किसी को अपनी जान न गंवानी पड़े।

- **राहुल और प्रियंका ने कहा कि प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर बेहतर इंतजाम किये जाने चाहिये थे।**

प्रियंका वाड्रा ने कहा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ की वजह से मची भगदड़ में मरे लोगों के शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

इसी के साथ रविवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने नयी दिल्ली रेलवे जंक्शन पर हुयी घटना पर शोक व्यक्त करते हुए इसकी विस्तृत जांच, पीड़ितों को आर्थिक सहायता और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस ने रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को नरसंहार करार देते हुए कहा है कि बदइंतजामी के कारण यह घटना हुई है, जिसके लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जिम्मेदारी हैं और उन्हें तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की व्यवस्था नहीं की गई थी और इसके लिए वैष्णव जिम्मेदार हैं। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए या उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए।

प्रवक्ता ने कहा, आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दम घुटने से 18 लोगों की मौत हो गई, जिसमें नौ महिलाएं, चार पुरुष और पांच बच्चे शामिल हैं। हादसे के चश्मदीदों की बातें सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

## अमरीकी विमान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हथकड़ियां नहीं डाली गईं, केवल पुरुषों को डाली गईं।टर्मिनल पर उतारे गए सिख युवकों की पगड़ियां सिर पर नहीं थीं। उन्हें नंगे सिर एयरपोर्ट पर उतारा गया। उनमें से कुछ चिल्ला-चिल्लाकर रो रहे थे।

मुख्यमंत्री भगवंत मान व कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल सायं चार बजे से ही एयरपोर्ट पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ बैठक भी की। अमेरिकी विमान के आने से पहले पुलिस ने बैरिकेडिंग करके सभी रास्ते बंद कर दिए थे। इसके बाद पंजाब सरकार की तरफ से 2 मंत्रियों, कुलदीप धालीवाल और हरभजन सिंह ईटीओ ने पंजाब के युवकों को रिसीव किया।

इस दौरान मंत्री कुलदीप धालीवाल ने रात 1 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचकर कहा, उन्हें बड़ा दुख हुआ कि हरियाणा सरकार ने अमेरिका से डिपोर्ट किए अपने लोगों के लिए कैदियों वाली बस भेजी। हरियाणा से कोई मंत्री, एमएलए या भाजपा नेता तक यहाँ नहीं आया।

## महाकुंभ में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एवं पल्लवित करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगा।' दिव्य ज्योति वेद मंदिर की इंचार्ज, साध्वी दीपा भारती ने कहा, 14 जनवरी को प्रात: 3:00 बजे से प्रारंभ हुए इस रुद्रिपाठ का 16 फरवरी 2025 प्रात: 4:00 बजे समापन हुआ। इस रिकॉर्ड में कुल 566 ब्रह्मज्ञानी वेदपाठियों ने शुक्ल यजुर्वेद से रुद्राष्टाध्यायी संहिता (रुद्री पाठ) का 11,151 बार पाठ किया, जिसमें कुल 26,42,409 मंत्रों का जाप 794 घण्टों तक हुआ। उन्होंने कहा कि, "यह उपलब्धि सिर्फ़ रिकॉर्ड बनाने के बारे में नहीं है, वैदिक मंत्रोच्चार के माध्यम से प्रत्येक हृदय में शांति और एकता की भावना को जगाना ही हमारा परम लक्ष्य हैं।"

## लालू यादव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि उन्हें इस तरह की टिप्पणी से बचना चाहिए। यह सनातन का अपमान है।

लालू यादव के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार भाजपा के प्रवक्ता मनोज शर्मा ने कहा, राजद प्रमुख का महाकुंभ को 'अर्थहीन बताने वाला ताजा बयान हिंदू धर्म के प्रति पार्टी की मानसिकता को उजागर करता है।

# त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन में मतभेद उभरे

अगरतला, 16 फरवरी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा द्वारा राज्य में उग्रवाद को फिर से शुरू करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ "उचित कार्रवाई" की चेतावनी देने के बाद राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन सहयोगियों के बीच अंदरूनी कलह बढ़ ने के संकेत मिल रहे हैं। इसी क्रम में सहयोगी पार्टी टीआईपीआरए मोथा ने सरकार गिराने की धमकी दी है।

मोथा प्रमुख शाही वंशज प्रद्योत किशोर देववर्मन की इस चेतावनी के एक सप्ताह बाद, कि अगर केंद्र पिछले साल के त्रिपक्षीय समझौते में किए गए वादों को पूरा नहीं करता है तो उनकी पार्टी राज्य सरकार से समर्थन वापस ले लेगी, वरिष्ठ मोथा नेता हंगसा कुमार त्रिपुरा ने शनिवार को अगले विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की धमकी दी। त्रिपुरा ने धलाई जिले के चौमानु में पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए चेतावनी दी कि टीआईपीआरए समुदाय (आदिवासी) को एक बार फिर मूर्ख नहीं बनाया जा सकता।

उन्होंने कहा, अगर भाजपा अपना वादा पूरा नहीं करती है, तो अगले विधानसभा चुनाव में उसे सत्ता से बाहर कर दिया जाएगा। चुनाव जीतने के बाद भाजपा अलग भाषा बोल रही है। ऐसा लगता है कि तिप्रासा समुदाय के लोगों को एक बार फिर धोखा दिया जा रहा है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि हमारी पार्टी लोगों के अधिकारों के लिए आंदोलन का राजनीतिक मंच है। हमें एक बार धोखा दिया जा सकता है, लेकिन हर बार नहीं।

# मोदी को 2030 से पहले टैक्सटाइल निर्यात 9 लाख करोड़ पहुँचने की आशा

## प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम की विशाल प्रदर्शिनी में कपड़ा क्षेत्र के भागीदारों को संबोधित किया

नयी दिल्ली,16 फरवरी। राजधानी के भारत मंडपम में कपड़ा क्षेत्र की विशाल प्रदर्शिनी "भारत टेक्स्ट 2025" का भ्रमण करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने वहाँ उपस्थित भागीदारों की सभा को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने देश की प्रगति में टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका के महत्व को रेखांकित करते हुए इस उद्योग के सामने टेक्सटाइल निर्यात 2030 तक तीन गुना करके नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा और उम्मीद जतायी की यह लक्ष्य उससे पहले हासिल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, भारत अतीत में जब समृद्ध था तो उसमें देश के वस्त्र उद्योग का बड़ा योगदान था, आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है तो उसमें भी हमारे टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण है।

- **प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का छठे नम्बर का टैक्सटाइल व एपरल एक्सपोर्टर है। हमारा टैक्सटाइल निर्यात 3 लाख करोड़ रूपये पहुँच चुका है तथा हम 2030 से पहले ही 9 लाख करोड़ रूपए का निर्यात लक्ष्य हासिल कर लेंगे।**

मोदी ने कहा, हम दुनिया के छठे सबसे बड़े टेक्सटाइल और एपैरल एक्सपोर्टर हैं। हमारा टेक्सटाइल निर्यात तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक हम इसे नौ लाख करोड़ रुपये तक लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज उद्यिमयों के उत्साह से यह जान पड़ता है कि 'आप यह लक्ष्य समय से पहले ही हासिल कर लेंगे।

मोदी ने देश में सूती कपड़ा उद्योग के प्रोत्साहन के लिए बजट में कपास मिशन और सरकार की "5एफ" (खेत से लेकर विदेशी बाजार तक की मूल्य श्रृंखाला को प्रोत्साहित करने की) पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, पिछले साल मैंने टेक्सटाइल इंडस्ट्री में फार्म, फाइबर, फैब्रिक, फैशन और फॉरेन जैसे 5एफ फैक्टर्स की बात की थी.. यह विज़न अब भारत के लिए एक मिशन बनता जा रहा है।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने स्वागत भाषणा में कहा कि इस बार इस प्रदर्शनी में खरीदारों और प्रदर्शकों की संख्या पिछले साल से अधिक है। प्रदर्शनी में 126 देशों के 6000 खरीदार और 5000 से अधिक प्रदर्शनी लगाने वाली इकाइयां भाग ले रही हैं।






राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908